## About the Book

इस किताब को अग्रवाल एग्जामकार्ट के विशेषज्ञों की टीम ने तैयार किया है। इस पुस्तक को लाने में हमारी टीम ने बहुत मेहनत की है। टीम ने पिछले वर्षों के प्रामाणिक प्रश्नपत्रों को एकत्र किया, अलग-अलग प्रश्नों को विषयवार और टॉपिकवार किया और उनके आधार पर विशेषज्ञों ने प्रश्नकोश तैयार किया, फिर प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत हल प्रदान किया तथा उनके आधार पर थ्योरी को तैयार किया। इस पुस्तक के हल उन विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए हैं जिनके पास विशाल शिक्षण अनुभव और छात्रों के चयन का सराहनीय ट्रैक रिकॉर्ड है। यही कारण है कि प्रत्येक हल व्यापक, सटीक और समझने में आसान है। कई बार इन प्रश्नों को समान प्रारूपों में दोहराया जाता है और इसलिए इन महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने से निश्चित रूप से आपको अपनी परीक्षा की तैयारी करने और अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें




Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!
CB1534

SIMPLE हिंदी सम्पूर्ण पाठ्यपुस्तक
ISBN - 978-93-6054-509-3
9 789360 545093
₹ 149

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# SIMPLE हिंदी

**One For All**

**SCHOOL ENTRANCE EXAMS**

# सम्पूर्ण पाठ्यपुस्तक



- Sainik School
- JNV
- Simultala & Netarhat Residential School
- CHS एवं अन्य सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए उपयोगी

इस पुस्तक से होगी **हिंदी की सम्पूर्ण तैयारी**
सभी स्कूल प्रवेश परीक्षाओं और ओलम्पियाड के लिए!

### मुख्य विशेषताएँ

1. **सरलीकृत पाठ्यपुस्तक** — सरल भाषा में थ्योरी आपको इस विषय को आसानी से समझने में काफी मदद करेगी।
2. **संपूर्ण थ्योरी** — पुस्तक की थ्योरी NCERT की पाठ्यपुस्तकों और भारत की सभी परीक्षाओं के विगत वर्षों के प्रश्नों पर आधारित है।
3. **अभ्यास प्रश्न** — पुस्तक में विगत वर्षों के सर्वश्रेष्ठ प्रश्नों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश हैं।

| Code | Price | Pages | ISBN |
| --- | --- | --- | --- |
| CB1534 | ₹149 | 142 | 978-93-6054-509-3 |

# विषय सूची


*पृष्ठ संख्या*

**Appendix**

⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** — **v**

⊙ समसामयिकी (करंट अफेयर्स) — **vii**

[अगले पृष्ठ पर दिये गये **Student's Corner** में **QR Code/Link** के माध्यम से **Free PDF** को **Download** करें]

**हिंदी** — **1-142**

| | |
|---|---|
| **1.** अपठित गद्यांश | **1-14** |
| **2.** अपठित पद्यांश | **15-18** |
| **3.** भाषा, लिपि एवं व्याकरण | **19-20** |
| **4.** वर्ण विचार | **21-25** |
| **5.** शब्द-विचार | **26-30** |
| **6.** वर्तनी-शुद्धि | **31-34** |
| **7.** संज्ञा के भेदों की पहचान | **35-38** |
| **8.** लिंग, वचन, कारक एवं काल | **39-46** |
| **9.** सर्वनाम की पहचान | **47-51** |
| **10.** विशेषण की पहचान | **52-56** |
| **11.** क्रिया | **57-60** |
| **12.** क्रिया-विशेषण की पहचान | **61-62** |
| **13.** वाक्य रचना | **63-67** |
| **14.** उपसर्ग-प्रत्यय | **68-72** |
| **15.** संधि-विच्छेद | **73-81** |
| **16.** समास-विग्रह | **82-86** |
| **17.** श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द | **87-91** |
| **18.** वाच्य परिवर्तन | **92-96** |
| **19.** विराम चिह्न | **97-99** |
| **20.** अनेकार्थी शब्द | **100-101** |
| **21.** विलोम शब्द | **102-107** |
| **22.** पर्यायवाची शब्द | **108-113** |
| **23.** वाक्यांश के लिए एक शब्द | **114-121** |
| **24.** मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | **122-127** |
| **25.** वाक्य क्रमबद्धता | **128-130** |
| **26.** रिक्त स्थानों की पूर्ति | **131-133** |
| **27.** अशुद्धि शोधन वाक्य | **134-139** |
| **28.** विविध: पाठ्य-पुस्तक, गद्य-पद्य रचनाएँ एवं रचनाकार आदि | **140-142** |



# अध्याय 1

# अपठित गद्यांश

## महत्वपूर्ण अभ्यास प्रश्न

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 196 तक)**

दिए गए अनुच्छेदों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(1)**

राहुल के पिताजी बाजार से सामान लेकर वापस घर आ रहे थे। उनके साथ उनका पालतू कुत्ता शेरा भी था रास्ते में एक बदमाश उनके पास आया। बदमाश ने पिताजी के हाथ से थैला छीना और भागने लगा। शेरा तुरंत बदमाश के ऊपर झपटा। शेरा को अपनी ओर झपटते देख बदमाश डर गया और थैला छोड़कर भाग गया। शेरा अपने मुहँ में पकड़कर थैला वापस लाया। पिताजी शेरा से बहुत खुश हुए। उन्होंने प्यार से शेरा को गले लगाया। दोनों खुशी-खुशी वापिस घर की ओर चले आये।

**1.** राहुल के पिताजी कहाँ से वापस आ रहे थे?
(A) मेला (B) रेलवे स्टेशन
(C) ऑफिस (D) बाजार

**2.** पिताजी के साथ और कौन था?
(A) राहुल (B) शेरा
(C) राहुल की माँ (D) बदमाश

**3.** बदमाश क्या छीन भागा?
(A) शेरा (B) किताब
(C) थैला (D) पैसे

**4.** शेरा थैला वापस कैसे लाया?
(A) मुँह से पकड़कर (B) गले में डालकर
(C) हाथ में पकड़कर (D) माथे पे रखकर

**5.** पिताजी ने किसे गले लगाया?
(A) बदमाश को (B) थैले को
(C) शेरा को (D) राहुल को

**(2)**

संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय है, क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया–बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है, जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

**6.** विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं?
(A) क्योंकि वे आलसी होते हैं।
(B) वो अपना कीमती समय मौज–मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
(C) वो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
(D) वो बड़ों की आज्ञा का पालन नहीं करते।

**7.** समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?
(A) इसका एक भी क्षण घटाया–बढ़ाया नहीं जा सकता।
(B) समय व्यक्ति के वश में नहीं है।
(C) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है।
(D) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता।

**8.** विद्यार्थी जीवन का क्या उद्देश्य है?
(A) जीवन को सुखी बनाना
(B) गुरुओं का आदेश मानना
(C) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्व
(D) शिक्षा प्राप्त करना

**9.** समय के सम्बन्ध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(A) परिश्रम करें।
(B) मन लगाकर पढ़ाई करें।
(C) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें।
(D) असफल होने पर पुनः प्रयास करें।

**10.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण के रूप में हुआ है?
(A) तुमने अच्छा किया जो आ गए।
(B) यह स्थान बहुत अच्छा है।
(C) अच्छा, तुम घर जाओ।
(D) अच्छा है वह अभी आ जाए।

**(3)**

निरंतर श्रम करने से शरीर स्वस्थ रहता है। समाज में जीवंतता बनी रहती है। यदि श्रम करना छोड़ दिया जाए तो समाज गतिशून्य हो जाए। श्रम की सार्थकता के बारे में महात्मा गाँधी ने कहा था– जब श्रम करना है तो उत्पादक श्रम ही क्यों न किया जाए। गाँधी जी के उत्पादक श्रम का तात्पर्य यह है कि श्रम से कुछ चीज की प्राप्ति हो, चाहे यश हो, चाहे प्रगति हो। इससे श्रम करने में आनंद आएगा। श्रम के प्रति निष्ठा और सम्मान की भावना हमारी सहज प्रवृत्ति होनी चाहिए। वस्तुतः हमारे विकास का, हमारी उन्नति का मूलमंत्र है– श्रम। सफलता का मूलमंत्र और प्रगति की सीढ़ी परिश्रम से ही प्राप्त होती है। परिश्रम, साहस और कर्म का चोली-दामन का साथ है। जो मनुष्य परिश्रम करता है, वह साहसी भी होता है।

**11.** स्वस्थ शरीर के लिए क्या आवश्यक है ?
(A) कसरत करना (B) निरंतर श्रम
(C) जीवंतता (D) प्रगति

**12.** परिश्रम, साहस और कर्म का चोली-दामन का संबंध कैसे है ?
(A) परिश्रमी और साहसी लोगों को पसंद किया जाता है।
(B) साहसी कर्मयोगी होते हैं।
(C) जो मनुष्य कर्म करता है वह साहसी भी होता है।
(D) परिश्रम, साहस एक-दूसरे के पूरक नहीं है।

**13.** गाँधी जी ने श्रम की सार्थकता किससे मानी है?
(A) परिश्रम करने से
(B) सम्मान की भावना से
(C) श्रम के प्रति निष्ठा से
(D) उत्पादक श्रम से

**14.** सार्थकता शब्द का विलोम शब्द है–
(A) सफलता (B) प्रासंगिकता
(C) निरर्थकता (D) उपयोगिता

**15.** श्रम करने में आनंद कब आएगा?
(A) जब हम स्वस्थ होंगे
(B) समाज में गतिशून्यता नहीं होगी
(C) जब मन में सम्मान की भावना होगी
(D) जब श्रम से कुछ चीज की प्राप्ति होगी

**(4)**

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भारतीय सेना की सभी रैंकों के लिए अनेक वीरता पदकों की शुरुआत की गई। उनमें परमवीर चक्र का स्थान सबसे ऊपर आता है, जिसे शत्रु का सामना करते हुए युद्धभूमि में अभूतपूर्व साहस का परिचय देने के लिए दिया जाता है। परमवीर चक्र तथा अन्य पदकों की शुरुआत भले ही 26 जनवरी, 1950 को भारत के एक गणराज्य बनने के बाद हुई हो, लेकिन उन्हें उन सभी अधिकारियों और जवानों को भी प्रदान किया गया था, जिन्होंने 15 अगस्त, 1947 में भारत के आजाद होने के बाद किसी भी लड़ाई में भाग लेते हुए असाधारण शौर्य का परिचय दिया था महत्त्व की दृष्टि से महावीर चक्र इस क्रम में दूसरे नम्बर पर आता है, इसके बाद वीर चक्र आता है, अशोक चक्र वीरता के लिए दिया जाने वाला वह सर्वोच्च सम्मान है, जिसे ऐसी परिस्थिति में दिया जाता है, जब दुश्मन का आमना–सामना न किया गया हो, इसे वरीयता के क्रम में परमवीर चक्र से ठीक नीचे रखा गया है। इस कड़ी में आगे कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र आते हैं।

**16.** भारतीय सेना की सभी रैंकों के लिए वीरता पुरस्कारों की शुरुआत कब की गई ?
(A) वर्ष 1947 के बाद
(B) भारत छोड़ो आन्दोलन के बाद
(C) दूसरे विश्वयुद्ध के बाद
(D) भारत गणराज्य बनने के बाद

**17.** वीरता का कौन–सा पुरस्कार सर्वोच्च माना जाता है ?
(A) अशोक चक्र (B) महावीर चक्र
(C) परमवीर चक्र (D) शौर्य चक्र

**18.** भारत एक गणराज्य कब बना?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 15 अगस्त, 1857
(C) 23 अगस्त, 1942
(D) 15 जनवरी, 1950

**19.** भारत को स्वतन्त्रता कब मिली?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 23 अगस्त, 1847
(C) 1 जून, 1950
(D) 15 अगस्त, 1947

**20.** परमवीर चक्र कब दिया जाता है?
(A) दुश्मन के सामने सर्वोच्च वीरता के लिए
(B) सर्वोच्च वीरता के लिए जब दुश्मन आमने–सामने न हो
(C) ओलम्पिक में अच्छे प्रदर्शन के लिए
(D) अपने जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए

**21.** अशोक चक्र किस परिस्थिति में दिया जाता है?
(A) युद्ध में अच्छे प्रदर्शन के लिए
(B) दुश्मन की खबर उच्च अधिकारियों तक पहुँचाने के लिए
(C) युद्ध की तैयारी ठीक तरह से करने के लिए
(D) सर्वोच्च वीरता के प्रदर्शन के लिए जब दुश्मन आमने–सामने न हो

**(5)**

एक बार हम गाँव गए, जहाँ अनेक परिवार अपने बनाए हुए चिकनी मिट्टी के बर्तन बेच रहे थे। वहाँ हमें किसी परिवार के बनाए कृत्रिम फल और सब्जियों ने बहुत आकर्षित किया। हमने वहाँ ऐसे उत्तम आकारों और रंगों के बने सेब, संतरे और टमाटर देखे कि असली और उनमें अंतर करना मुश्किल था। प्रत्येक ने उनकी बहुत प्रशंसा की।

**22.** कुछ परिवारों ने चिकनी मिट्टी के _______ बनाए।
(A) मेज और कुर्सियाँ
(B) फल और सब्जियाँ
(C) खिलौने और बर्तन
(D) गुल्लक (पिगी बैंक) और गेंद

**23.** हम मुश्किल से ही _______ फलों और असली में अंतर कर सके।
(A) प्राकृतिक (B) कृत्रिम
(C) मूल (D) यथार्थ

**24.** 'ऐसे' (such) शब्द _______ है।
(A) क्रिया (B) क्रिया–विशेषण
(C) विशेषण (D) समुच्चयबोधक

**25.** _______ 'भेद' का समानार्थी है।
(A) अंतर (B) मिश्रण
(C) भ्रम (D) अशुद्धि

**26.** 'प्रत्येक' का वही अर्थ है, जो _______ का है।
(A) विशिष्ट (B) सटीक
(C) हरेक (D) कुछ

**(6)**

यह रविवार का दिन था। हरीश पार्क में अपने मित्रों के साथ खेल रहा था। निकट में एक तालाब था। हरीश तैरना चाहता था। वह छपाक के साथ तालाब में कूद गया। तालाब के दूसरे छोर पर पानी में कुछ बत्तखें थीं। हरीश ठंडे पानी और हल्की धूप का आनंद लेते हुए तैरा। अचानक उसने जोर की आवाज सुनी और पानी छितर गया। उसने चारों तरफ देखा कि कहीं किसी ने तालाब में गोता तो नहीं लगाया। उसे कोई दिखाई नहीं दिया।

**27.** हरीश पार्क में अपने _______ के साथ खेल रहा था।
(A) भाइयों (B) सहपाठियों
(C) मित्रों (D) टोली

**28.** हरीश _______ तालाब में कूदा।
(A) तैरने के लिए
(B) मछली पकड़ने के लिए
(C) बत्तखों का पीछा करने के लिए
(D) स्नान करने के लिए

**29.** मौसम _______ था।
(A) बहुत गरम (B) थोड़ा गरम
(C) बहुत ठंडा (D) ठंडा और वर्षा वाला

**30.** तालाब में और कौन था ?
(A) कुछ बत्तखें (B) दो लड़के
(C) हरीश के मित्र (D) मछुआरे

**31.** 'गोता लगाना' शब्द का वैसा ही अर्थ है जैसा ________ का।
(A) फिसलना (B) गिर जाना
(C) कूदना (D) चढ़ना

**(7)**

दूध सबसे अच्छा भोजन है। इसमें पानी, चीनी, चर्बी (वसा), विटामिन और प्रोटीन होते हैं। लोग भिन्न-भिन्न पशुओं के दूध पीते हैं। इंग्लैंड और अनेक अन्य ठंडे देशों में गाय होती है। अरब और मध्य एशिया जैसे गर्म शुष्क स्थानों में ऊँट होते हैं। भारत में गाय और भैंस दोनों हैं। अनेक स्थानों पर बकरियाँ होती हैं। यदि लोग गाय और अन्य पशु रखते हैं, तो उनको बहुत दूध मिलता है। दूध से वे मक्खन और चीज बना सकते हैं। यह जरूरी है कि जिस दूध का हम उपयोग करते हैं, वह शुद्ध और विषाणु–मुक्त होना चाहिए। अशुद्ध दूध से मानव शरीर को लाभ की बजाय हानि अधिक होती है।

**32.** लोग _____ पशुओं का दूध पीते हैं।
(A) एक जैसे (B) भिन्न-भिन्न
(C) समान (D) उसी तरह के

**33.** _____ स्थानों में ऊँट होते हैं।
(A) शीतल (B) जमे हुए
(C) गर्म (D) ठंडे

**34.** यदि लोग गाय जैसे पशु रखते हैं, तो उन्हें ______ दूध मिलता है।
(A) बहुत कम (B) कम
(C) थोड़ा (D) बहुत सारा

**35.** यह _____ है कि जिस दूध का हम उपयोग करते हैं, वह शुद्ध हो।
(A) आवश्यक (B) अनावश्यक
(C) अनपेक्षित (D) गैर–जरूरी

**36.** 'हानि' का अर्थ _____ के समान है।
(A) लाभ (B) मरम्मत
(C) क्षति (D) स्थिर

**(8)**

शरद्-ऋतु गर्मी और जाड़े के मौसम के बीच आती है। इस सुंदर ऋतु में बहुत–से परिवर्तन होते हैं। दिन छोटे हो जाते हैं। पेड़ों की पत्तियाँ हरे रंग से बदलकर जीवंत लाल, पीली और नारंगी हो जाती हैं। वस्तुतः पत्तियों को हरा बनाए रखने के लिए पेड़ों को धूप चाहिए। धूप के

बिना पत्तियाँ पीली हो जाती हैं। घास पर अब ओस नहीं बिछी होती, बल्कि प्रायः प्रत्येक प्रातःकाल को पाला पड़ता है, क्योंकि तापमान हिमबिन्दु तक जा पहुँचता है। पशु जाड़े के लंबे महीनों के लिए पर्याप्त भोजन एकत्र करने लगते हैं। ये परिवर्तन तब होते हैं, जब हम ग्रीष्मकाल की गर्मी से शीतकाल की सर्दी के अनुकूल हो रहे होते हैं।

**37.** ग्रीष्म और _______ के बीच शरद्–ऋतु आती है।

(A) जनवरी (B) वसंत

(C) शीत (D) अयनांत

**38.** शरद्-ऋतु में निम्नलिखित में से क्या परिवर्तन हो सकता है?

(A) दिन छोटे होते हैं

(B) इसमें बहुत गर्मी पड़ती है

(C) दिन बड़े होते है

(D) अधिक धूप होती है

**39.** शरद्-ऋतु में पत्तियाँ पीली हो जाती हैं, क्योंकि—

(A) उन्हें पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती

(B) उन्हें पर्याप्त प्रकाश नहीं मिलता

(C) उन्हें पर्याप्त जल नहीं मिलता

(D) उनमें बहुत अधिक ऑक्सीजन एकत्रित होती है

**40.** शरद्-ऋतु के बीतने की तैयारी करते हुए पशु क्या करते हैं?

(A) भोजन एकत्र करते हैं

(B) कम भोजन खाते हैं

(C) फर गिरा देते हैं

(D) रंग बदल लेते हैं

**41.** 'बिछी होती' के लिए दूसरा शब्द हो सकता है—

(A) घास वाली (B) ऊनी

(C) ढकी हुई (D) बढ़ती हुई

**(9)**

पर्यटन मनोरंजक और शैक्षिक दोनों ही होता है। इसे सदा ही शिक्षा का महत्त्वपूर्ण अंग माना गया है। यूरोप में किसी नवयुवक को तभी पूर्ण शिक्षित माना जाता है जब वह यूरोप के बहुत से देशों में भ्रमण कर चुका हो। प्राचीन भारत में भी हमारे ऋषि पर्यटन के महान मूल्य को समझते थे। उन्होंने इसे सबका पवित्र कार्य बना दिया कि वे भारत के विभिन्न भागों में स्थित तीर्थ स्थानों में घूमें। इससे भारतीयों में एकता की भावना को प्रोत्साहन मिला।

**42.** यदि कोई वास्तविक शिक्षा पाना चाहे, तो उसके लिए _______ करना महत्वपूर्ण है।

(A) अध्ययन (B) कार्य

(C) पर्यटन (D) ध्यान

**43.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'मनोरंजक' का समानार्थी है ?

(A) शैक्षिक (B) मनभावन

(C) थकाने वाला (D) दृश्यावलोकन

**44.** _______ स्थानों की यात्रा करना प्राचीन भारत में पवित्र समझा जाता था।

(A) प्रशिक्षण (B) तीर्थ

(C) शहरी (D) व्यापारिक

**45.** लोग यदि अधिक _______ करें, तो उन्हें दूसरों के साथ एकता का अनुभव होता है।

(A) पर्यटन (B) बातचीत

(C) खेल (D) प्रश्न

**46.** ऋषि वह व्यक्ति है जो _______ होता है

(A) विद्वान (B) चतुर

(C) स्वतंत्र (D) धूर्त

**(10)**

भारत तीर्थ यात्रियों और तीर्थ यात्राओं का देश है। ये पवित्र स्थान, चाहे पहाड़ों पर या मैदानों में, सामान्यतया या तो नदियों के तटों पर स्थित हैं या समुद्र के तटों पर। इन तीर्थस्थलों पर जाने वाले केवल धार्मिक लोग ही नहीं होते, वरन सारे भारत से और विदेशों से पर्यटक और सैर-सपाटे वाले लोग भी यहाँ आते हैं। जहाँ कहीं दो या अधिक नदियाँ मिलती हैं, तीर्थयात्री वहाँ स्नान और पूजा करते हैं, क्योंकि माना जाता है कि वह स्थान पवित्र होता है। ऐसा ही एक स्थान हरिद्वार है जो गंगा नदी के तट पर स्थित है।

**47.** पवित्र स्थानों पर जाने वाले लोग होते हैं धार्मिक, सैर-सपाटा करने वाले और —

(A) बच्चे (B) पर्यटक

(C) व्यापारी (D) समुद्री यात्री

**48.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द 'सामान्यतया' का पर्यायवाची है ?

(A) आमतौर पर (B) सार्वजनिक रूप से

(C) कभी-कभी (D) परिणामस्वरूप

**49.** उस स्थान को 'पवित्र' माना जाता है, जहाँ दो या आधिक नदियाँ मिलती हैं। इस कथन में शब्द 'पवित्र' का विलोम है—

(A) ईश्वरीय (B) धार्मिक

(C) अपावन (D) धर्मनिष्ठ

**50.** लोग गंगा नदी में स्नान और पूजा के लिए आते हैं, क्योंकि इसका जल है—

(A) पवित्र (B) साफ और स्वच्छ

(C) शीतल (D) स्वास्थ्यवर्धक

**51.** लोग तीर्थयात्रा पर जाते हैं, क्योंकि वे _______ होते हैं।

(A) उत्सुक (B) धार्मिक

(C) खोजी (D) वृद्ध

**(11)**

तुलसी का पौधा अधिकांश भारतीय घरों में उगाया जाता है। इस बूटी से मधुर गन्ध आती है। इस पौधे की पत्तियों का उपयोग पूजा के लिए होता है और उनमें औषधीय तथा रोगहारी गुण होते हैं। विश्व में तुलसी के कम-से-कम 150 प्रकार हैं।

प्राचीन काल में मन्दिरों का उपयोग पथिकों के विश्रामगृह के रूप में होता था। तुलसी का पौधा मन्दिर के बाहर उगाया जाता था, क्योंकि इसमें प्यास रोकने का विशेष गुण होता है, जब कुछ पत्तियाँ जीभ के नीचे रखी जाएँ, तो थके हुए पथिक, जो पानी ढूँढ रहे होते हैं, उनकी प्यास कम हो जाती है। तुलसी, जिसका मूल निवास भारत है, 16वीं शताब्दी में पश्चिमी यूरोप पहुँची। यह माना जाता है कि यदि तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ नित्य लिया जाए, तो स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। चाय के लिए पानी उबालते समय यदि कुछ तुलसी की पत्तियाँ मिला दी जाएँ, तो इसमें विशेष गन्ध और स्वाद आ जाता है और यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। यह आराम भी पहुँचाती है और तनाव दूर करती है।

**52.** तुलसी के बारे में निम्नलिखित में से कौन–सा सत्य नहीं है ?

(A) यह सुगन्ध देती है

(B) यह तनाव दूर करती है

(C) यह स्वास्थ्य के लिए अच्छी है

(D) इसका मूल स्थान पश्चिमी यूरोप में है।

**53.** विश्व में तुलसी की कितनी किस्में हैं ?

(A) 100 (B) 170

(C) 150 (D) 160

**54.** तुलसी के पौधे को मन्दिरों के बाहर क्यों उगाया जाता था ?

(A) पथिकों की प्यास नियन्त्रित करने के लिए

(B) पथिकों को थकान का अनुभव कराने के लिए

(C) मन्दिर के चारों ओर खुशबू फैलाने के लिए

(D) ईश्वर की पूजा करने के लिए

**55.** तुसली का मूल निवास किस देश में है ?

(A) इंग्लैण्ड (B) भारत

(C) चीन (D) इटली

**56.** शहद और तुलसी का मिश्रण

(A) स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है

(B) स्वास्थ्य के लिए हितकर है

(C) हमारे लिए थोड़ा–सा हानिकारक है

(D) स्वास्थ्य के लिए थोड़ा–सा लाभदायक है

**(12)**

जब फास्ट फूड खाने की बात हो, तो बच्चे ललचाते हैं। इसे बनाने में कम समय लगता है और बाजारों में भी यह सरलता से मिल जाता है। बच्चे फल, सूप या अंकुरित वस्तुएँ खाने के बदले फास्ट फूड खाना पसन्द करते हैं। नूडल, बर्गर और पिज्जा की बड़ी माँग है। यद्यपि ये बनाने में बड़े आसान हैं, फिर भी ये हमारे लिए हानिकारक है। इनमें हमारे शरीर के लिए अच्छी पोषण उपयोगिता नहीं होती।

बहुत से शोधकर्ताओं ने सिद्ध किया है कि इन खाद्य पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। इन्हें तेल में तलकर पकाया जाता है जो स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इससे हम मोटे हो सकते हैं। मोटापे से मधुमेह और उच्च रक्तचाप हो सकते हैं। जो बच्चे अधिकतर फास्ट फूड खाते हैं, उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं; जैसे—मधुमेह और उच्च रक्तचाप। उनका विकास उन बच्चों की अपेक्षा अधिक प्रभावित होगा, जो पौष्टिक भोजन करते हैं। लोग पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं और घर पर बने खाने के स्थान पर फास्ट फूड को वरीयता दे रहे हैं। यह पश्चिमी सभ्यता को अपनाने के गम्भीर दुष्प्रभावों में से एक है।

**57.** फास्ट फूड किसी के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकता है ?
(A) जीवन–शैली में बदलाव लाकर
(B) मोटापे का कारण बनकर
(C) हमें अच्छा स्वास्थ्य देकर
(D) पश्चिमी सभ्यता को प्रोत्साहन देकर

**58.** हमें फास्ट फूड संस्कृति को क्यों बढ़ावा नहीं देना चाहिए ?
(A) फास्ट फूड स्वादिष्ट होता है
(B) यह आसानी से उपलब्ध है
(C) यह हमारी जीवनशैली बदल देता है
(D) यह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है

**59.** अनुच्छेद में किस शब्द का अर्थ 'नकल करना' है?
(A) अनुकरण करना (B) तुलना करना
(C) कार्य करना (D) अपनाना

**60.** फास्ट फूड से हो सकता/सकती है—
(A) अनिद्रा
(B) जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ
(C) जेब पर भार
(D) सामाजिक स्तर में हानि

**61.** घर पर बना खाना _______ होता है।
(A) पोषक नहीं
(B) फास्ट फूड से अच्छा नहीं
(C) फास्ट फूड की अपेक्षा अधिक पौष्टिक
(D) न तो पौष्टिक, न ही स्वादिष्ट

**(13)**

आज 26 जनवरी है। आज भारत का गणतंत्र दिवस है। क्या आपने कभी इस बात पर विचार किया है कि हमारे जीवन में गणतंत्र का क्या महत्व है? हमें समझ लेना चाहिए कि आज का दिन मात्र छुट्टी का, खेलकूद का, खुशियाँ मनाने का, न होकर अपने कर्तव्य पर विचार करने का भी दिन है।

सन् 1950 में इसी दिन भारत को प्रभुत्व सम्पन्न जनतंत्रात्मक जनतंत्र घोषित किया गया था। इसी दिन हमारा अपना संविधान लागू हुआ और इसी दिन से हम एक प्रभुत्व सम्पन्न जनतंत्र के नागरिक के रूप में गर्व कर सके। इसकी प्राप्ति के लिए हमारे स्वतन्त्रता–सेनानियों ने कितना संघर्ष किया और कितना बलिदान किया। इस सबकी तूफानों भरी लम्बी कहानी है।

भारत की स्वतन्त्रता की लड़ाई तो सन् 1857 से चली आ रही थी, परन्तु जनवरी सन् 1929 का विशेष महत्व है। इसी दिन पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में रावी नदी के किनारे लाहौर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज–प्राप्ति का प्रस्ताव पारित किया था। उसके पहले केवल औपनिवेशिक राज्य की प्राप्ति तक हमारा संघर्ष सीमित था।

आज हमारे जनतंत्रात्मक भारत राष्ट्र का दिवस है। हम इसको उपहार में एक ही वस्तु दे सकते हैं—
''राष्ट्र के सम्मान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता।''
क्या हम इस प्रकार का संकल्प कर सकेंगे?

**62.** 26 जनवरी को हम क्या कहते हैं?
(A) गणतंत्र दिवस
(B) स्वतन्त्रता दिवस
(C) राष्ट्र का जन्म–दिवस
(D) छुट्टी का एक दिन

**63.** हमारे गणतंत्र का जन्म किस दिन हुआ?
(A) 15 अगस्त, 1947
(B) 26 जनवरी, 1950
(C) 30 जनवरी, 1948
(D) 14 सितम्बर, 1948

**64.** भारत की आजादी की लड़ाई कब आरम्भ हुई?
(A) सन् 1930 में (B) सन् 1947 में
(C) सन् 1857 में (D) सन् 1904 में

**65.** हमारा अपना संविधान कब लागू हुआ?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 15 अगस्त, 1947
(C) 2 अक्टूबर, 1944
(D) 14 नवम्बर, 1965

**66.** 26 जनवरी के दिन हमें क्या करना चाहिए?
(A) खूब खुशियाँ मनाएँ
(B) गरीबों को भोजन कराएँ
(C) शहीदों को याद करें
(D) राष्ट्र एवं संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा लें

**(14)**

पृथ्वी शायद ब्रह्माण्ड में अकेला ग्रह है जहाँ पर जीवन है, किन्तु जब पृथ्वी का निर्माण हुआ, तो यहाँ कोई जीवन न था। एक कारण तो यह था, कि यहाँ बहुत गर्मी थी और कोई गैस नहीं थी, किन्तु करोड़ों वर्षों के बाद, जब ग्रह ठण्डा हुआ, तो महासागरों में पानी भर गया और गैसें बनीं। शीघ्र ही पृथ्वी की स्थितियाँ जीवित रहने के लिए अनुकूल हो गईं। पृथ्वी जीवन के लिए क्यों अनुकूल है, इसके अनेक कारण हैं। पहला, यह सूर्य से सही दूरी पर है जिससे न अधिक गर्म होती है न अधिक ठण्डी, दूसरा, पृथ्वी के चारों ओर गैसों की उपस्थिति सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक पहुँचने से रोकती है। एक और महत्वपूर्ण कारण है जल, जो सभी जीवधारियों के जीवित रहने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**67.** जब पृथ्वी बनी, तो इस पर जीवन नहीं था, क्योंकि—
(A) यह बहुत गर्म थी
(B) यह बहुत ठण्डी थी
(C) यहाँ बहुत हानिकारक गैसें थीं
(D) यह पानी से ढकी थी

**68.** जीवधारियों के जीवित रहने के लिए जरूरी स्थिति/स्थितियाँ है/हैं—
(A) गर्मी और गैसें
(B) जल से भरे महासागर
(C) सूर्य से बहुत दूरी
(D) जल और गैसों की परतें

**69.** पृथ्वी के बहुत गर्म या बहुत ठण्डी होने से बचने का कारण है—
(A) केवल सूर्य से सही दूरी
(B) केवल पृथ्वी से लिपटी गैसों की परत
(C) पृथ्वी पर जल की उपस्थिति
(D) सूर्य से सही दूरी और पृथ्वी से लिपटी गैसों की परत

**70.** गद्यांश में वह शब्द कौन-सा है, जो 'प्रतिकूल' का विलोम है?
(A) महत्वपूर्ण (B) अनुकूल
(C) उपस्थिति (D) हानिकारक

**71.** पृथ्वी के चारों ओर की गैसें—
(A) पृथ्वी से सही दूरी बनाए रखती हैं
(B) सागरों को पानी से भरती हैं
(C) सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकती हैं
(D) पृथ्वी की सतह को ठण्डा रखती हैं

**(15)**

प्राचीन काल में मनुष्य के पास पक्षियों को मारने के लिए धनुष–बाण भी नहीं होते थे। इसलिए वह उनके झुण्ड पर तीखे पत्थरों से निशाना लगाता था या वह पक्षियों को दानों से आकर्षित करता और उनके ऊपर जाल डाल देता था। कभी–कभी वह मुट्ठी भर दाने जमीन पर फेंक देता और कुछ खूँटे गाड़ देता जिन पर पेड़ों से इकट्ठा की हुई गोंद लगी होती, फिर वह इन्तजार करता कि पेड़ों से पक्षी उतरकर नीचे आएँ और उन खूँटों से चिपक जाएँ। यह पक्षियों को फँसाने का बड़ा क्रूर तरीका था।

**72.** प्राचीन काल का मनुष्य पक्षियों को मारने के लिए किसका उपयोग नहीं करता था?

(A) धनुष–बाण का
(B) बीज और वृक्षों का
(C) चिपकने वाली खूँटियों का
(D) तीखे पत्थरों का

**73.** वे पक्षियों को आकर्षित करने के लिए उन्हें दिखाते थे–
(A) गोंद (B) बीज
(C) जाल (D) पत्थर

**74.** गोंद इकट्ठा की जाती थी–
(A) लोगों से (B) पौधों से
(C) पेड़ों से (D) पशुओं से

**75.** पक्षियों को फँसाने का सबसे क्रूर तरीका था–
(A) उन्हें पत्थर से मारना
(B) उनके ऊपर जाल डाल देना
(C) मारने के लिए उन्हें बीज दिखाना
(D) उन्हें गोंद लगी खूँटियों से चिपकाना

**76.** 'प्राचीन' शब्द का विपरीतार्थ है–
(A) आधुनिक (B) आजकल
(C) हाल का (D) अभी–अभी

**(16)**

शाहजहाँ ने 'ताजमहल' को अपनी बेगम मुमताजमहल की यादगार में बनवाया। वह मुमताजमहल को बहुत प्यार करता था। एक बार मुमताज बहुत बीमार पड़ गई और उसके बचने की कोई आशा नहीं रही। उस समय उसने अपने पति से कहा, "मेरे मरने पर आप ऐसा मकबरा बनवाएँ, जिसके समान संसार में और कोई न हो।" शाहजहाँ ने उसे वचन दे दिया। यही है वह मकबरा, जिसे शाहजहाँ ने अपनी बेगम की याद में बनवाया था।

**77.** "उसने अपने पति से कहा" वाक्य में पति कहा गया है–
(A) ताजमहल को (B) मुमताजमहल को
(C) शाहजहाँ को (D) मकबरे को

**78.** शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया–
(A) मुमताजमहल को प्यार करने का कारण
(B) मुमताजमहल के बीमार पड़ने के कारण
(C) मुमताजमहल के मरने के कारण
(D) मुमताजमहल के सुन्दर होने के कारण

**79.** किसके बचने की आशा न रही?
(A) ताजमहल के (B) मुमताज के
(C) शाहजहाँ के (D) पति के

**80.** "बेगम" का अर्थ होता है–
(A) यादगार (B) वचन
(C) पति (D) पत्नी

**81.** ताजमहल नाम है–
(A) यादगार का (B) मकबरे का
(C) वचन (D) बेगम का

**(17)**

प्रारम्भ में मानव में किसी प्रकार का भेद–भाव नहीं था। स्वयं मानव ने पारस्परिक भेद की रचना की है। दुनिया के तमाम झगड़ों की जड़ में यही स्वार्थ भावना है, जिससे अपने पराए बन जाते हैं। गौतम बुद्ध ईसा मसीह, मुहम्मद, चैतन्य, नाम आदि महापुरुषों ने संसार में धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश दिया, किन्तु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर खून बढ़ा, झगड़े बढ़े, कभी नस्ल, कभी रंग, कभी वर्ण, कभी जाति, कभी धर्म के नाम पर कुछ लोग बर्बरतापूर्ण व्यवहार करते हैं। भेदभाव के इस कलंक को मिटाना होगा। अपेक्षा है, शिक्षा के प्रसार की। शिक्षा ही मानवीय मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है।

**82.** प्रारंभ में मानव का व्यवहार कैसा था?
(A) परोपकारी (B) स्वार्थी
(C) भेदभावपूर्ण (D) निर्दयी

**83.** मानव में पारस्परिक भेद की रचना किसने की?
(A) ईश्वर ने (B) स्वयं मनुष्य ने
(C) महापुरुषों ने (D) शत्रुओं ने

**84.** किसने मनुष्य को कल्याण के पथ का निर्देश दिया?
(A) स्वयं मनुष्य ने (B) महापुरुषों ने
(C) ईश्वर ने (D) लेखक ने

**85.** दुनिया के तमाम झगड़ों की जड़ क्या है?
(A) ईमानदारी (B) धर्म
(C) न्याय (D) स्वार्थ

**86.** भारतीय मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन क्या है?
(A) शिक्षा (B) बदला
(C) आस्था (D) धर्म

**(18)**

मनुष्य अनुकरणशील प्राणी है। अतः आसपास के लोगों से एवं सहचरों से कर्म सीखता है। किसी मनुष्य की प्रकृति क्या है, उसके स्वाभाविक गुण क्या हैं, उसका नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक चरित्र कैसा है, जिस विषय में उसकी अभिरुचि है, इन सभी बातों का ज्ञान हमें उसकी संगति से होता है। किसी महापुरुष का कथन है कि यदि किसी को मित्र एवं सुहृदय बनाना हो तो उसके सहचरों को देखना चाहिए। अतः उसके संगी तथा, मित्र कौन हैं, इससे ही उसका परिचय मिलता है। सुसंगति एक ऐसी पारसमणि है, जो लोहे को भी सोना बनाने की क्षमता रखती है। चन्दन के समीप रहने से आसपास के वृक्ष भी सुगंधित हो जाते हैं। दूध के साथ पानी भी उसी मूल्य में बिकता है। जल की बूँद यदि गर्म तवे पर पड़े तो वह तत्क्षण मिट जाएगी। यदि संयोग से यही बूँद सीप के मुख में गिरे तो वह उज्ज्वलमणि बनेगी। सही सत्संग की महत्ता है।

**87.** मनुष्य अपने अधिकतर कर्म कहाँ से सीखता है?
(A) प्रकृति से (B) समाज से
(C) अपने व्यवहार से (D) अपने जीवन से

**88.** मनुष्य कैसा प्राणी है–
(A) आध्यात्मिक (B) नैतिक
(C) अनुकरणशील (D) ज्ञानी

**89.** सुसंगति पारसमणि के समान क्यों हैं?
(A) क्योंकि इससे बुरा भी अच्छा बन जाता है
(B) यह लोहे को सोना बना देती है
(C) इससे व्यक्ति ज्ञानवान बनता है
(D) यह व्यक्ति को समृद्ध बना देती है

**90.** महापुरुष किस समास का उदाहरण है?
(A) अव्ययीभाव समास
(B) तत्पुरुष समास
(C) कर्मधारय समास
(D) द्विगु समास

**91.** 'सहचर' का क्या अर्थ है?
(A) साथ चलने/रहने वाला
(B) साथ काम करने वाला
(C) साथ पढ़ने वाला
(D) साथ खाने वाला

**(19)**

साँप रेंगने वाले कहे जाने वाले प्राणियों की श्रेणी में आते हैं। इस समूह में मगरमच्छ, छिपकलियाँ और कछुओं को भी शामिल किया जाता है। साँप वनों, मरुस्थलों और झीलों आदि सभी जगह पाए जाते हैं। वे साल भर बर्फ से ढके रहने वाले स्थानों में जीवित नहीं रह सकते हैं। साँपों की दृष्टि बहुत कमजोर होती है। क्षति से बचने और भोजन पाने के लिए वे अन्य इंद्रियों का उपयोग करते हैं। कुछ साँप अपनी नाक से सूँघते हैं पर अधिकतर वे जीभ से सूँघते हैं। साँप का शरीर कोशिकाओं की परतों से बनी शल्कों से ढका रहता है। वर्ष में कई बार साँप अपनी मृत चमड़ी की बाहरी परत छोड़ देता है। उसके नीचे की कोशिकाएँ तुरंत बाहरी परत का निर्माण कर देती हैं, जो साँप की सुरक्षा करती हैं।

**92.** साँपों को ______ कहा जाता है।
(A) छिपकली (B) शल्क
(C) रेंगने वाला (D) कछुआ

**93.** साँप कहाँ जीवित नहीं रह सकते हैं ?
(A) बर्फ से जमे स्थानों
(B) मरुस्थलों
(C) वनों
(D) झीलों

**94.** साँपों का/की ______ कमजोर होता/होती है।
(A) सूँघने का बोध (B) सुनना
(C) स्पर्श–बोध (D) दृष्टि

**95.** ______ साँप को चोट लगने से बचाता/बचाती है।
(A) जीभ (B) शल्क
(C) मृत चमड़ी (D) नाक

**96.** 'जीवित रहना' शब्द का अभिप्राय ______ है।
(A) जीना (B) चलना
(C) पलायन करना (D) संबंधित होना

**(20)**

दीपक उत्साहित था। वह अपने चाचाजी और चचेरे भाई-बहन प्रीता और रिया के साथ रविवार को पिकनिक पर जा रहा था। उसने अपने तैराकी के सामान, नाश्ता और खेलने के सामान को अपने एक पिट्ठू बैग में रख लिया। वे सुबह छः बजे चल दिए। बहुत दूर तक गाड़ी चलाने के बाद वे पिकनिक के स्थान पर सुबह नौ बजे पहुँच गए। उस गाँव में एक फार्महाउस था। उन्होंने गाँव के चारों ओर घूमकर धान के खेत देखे और जाना कि चावल कैसे उगाया जाता है। वे पेड़ों पर चढ़े और आम तथा अमरूद तोड़े। दोपहर को एक पेड़ के नीचे बैठकर उन्होंने दोपहर का भोजन किया। जब चाचाजी ने कहा कि अब घर लौटने का समय है, तो वे और देर तक ठहरना चाहते थे, क्योंकि उन्हें गाँव बहुत अच्छा लगा।

**97.** 'उत्साहित' शब्द का अर्थ है—
(A) विश्वस्त (B) बहुत प्रसन्न
(C) व्यस्त (D) निराश

**98.** दीपक और उसके चचेरे भाई-बहन ______।
(A) गाँव में ऊब गए
(B) ने पिकनिक का आनंद लिया
(C) घर वापस आना चाहते थे
(D) पेड़ों पर न चढ़ सके

**99.** दीपक अपने ______ के साथ पिकनिक पर गया।
(A) माता-पिता
(B) चाचाजी और चचेरे भाई-बहन
(C) मित्रों
(D) बहन

**100.** पिकनिक का स्थान एक ______ में था।
(A) पार्क (B) समुद्र–तट
(C) गाँव (D) तरण–ताल

**101.** चाचाजी ने दीपक को दिखाया कि कैसे ______।
(A) हम खाते हैं (B) तैरते हैं
(C) गाड़ी चलाते हैं (D) चावल उगाते हैं

**(21)**

क्या आपने रस्सा-कशी खेल खेला है? यह एक रोचक खेल है। रस्सा-कशी का खेल खेलने के लिए आपको कुछ खुली जगह, एक लंबी एवं मजबूत रस्सी और खिलाड़ियों की दो टीमों की आवश्यकता होती है। खेल तभी रोचक होगा जब दोनों टीमें बराबर मजबूत होंगी। दोनों टीमों के बीच एक रेखा खींच दी जाती है। जो टीम खींची जाती है और बीच की रेखा पार करने को बाध्य कर दी जाती है, खेल हार जाती है। टीम के सबसे शक्तिशाली सदस्य को चाहिए कि वह रस्सी के अंतिम छोर को मजबूती से पकड़े रहे और टीम को संगठित होकर रस्सी को खींचना चाहिए। खेलने के स्थान से पत्थरों को साफ कर देना चाहिए। अन्यथा उनसे चोट लग सकती है।

**102.** रस्सा-कशी है ______।
(A) एक युद्ध (B) एक रस्सी
(C) एक खेल (D) एक लड़ाई

**103.** 'रस्सा-कशी' में हम ________।
(A) मुक्केबाजी करते हैं
(B) छुपा–छुपी करते हैं
(C) रस्सी खींचते हैं
(D) बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं

**104.** रस्सी के अंतिम छोर को पकड़ने वाला टीम का _________ सदस्य होता है।
(A) सबसे लम्बा
(B) सबसे छोटा
(C) सबसे शक्तिशाली
(D) सबसे युवा

**105.** टीम, जो बीच की रेखा के पार खींच ली जाती है, _________।
(A) विजयी होती है
(B) हार जाती है
(C) सफल होती है
(D) को दूसरा अवसर दिया जाता है

**106.** 'संगठित' शब्द का अर्थ है–
(A) साथ–साथ (B) लड़ाई
(C) खींचना (D) विजयी होना

**(22)**

शरीर का भार कम करने या स्वस्थ भार बनाए रखने के लिए केवल दो साधारण नियम हैं। वे हैं, कम वसा और शर्करा वाला संतुलित भोजन करना और अधिक व्यायाम करना। भार कम करने के लिए आपको भूखे रहने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि आप चीनी, केक, बिस्कुट कम लें तथा अधिक फल और सब्जियाँ खाएँ और पर्याप्त पानी पिएँ, तो आपका भार कम हो जाएगा और आप अधिक स्वस्थ हो जाओगे। प्रतिदिन सैर के लिए जाएँ या साइकिल चलाएँ। टेलीविजन देखने या वीडियो गेम्स खेलने के स्थान पर अधिक सक्रिय रहें।

**107.** हम स्वस्थ कैसे रह सकते हैं?
(A) केवल बिस्कुट खाकर
(B) केवल व्यायाम करके
(C) संतुलित भोजन खाकर और व्यायाम करके
(D) अधिक फल खाकर

**108.** भार कम करने के लिए हमें क्या अधिक खाना चाहिए?
(A) चीनी और केक
(B) फल और सब्जियाँ
(C) बिस्कुट और चीनी
(D) बिस्कुट और फल

**109.** स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या अधिक पीना चाहिए?
(A) कोला पेय (B) फलों का रस
(C) पानी (D) सब्जियों का रस

**110.** कौन–सा व्यायाम सबके लिए अच्छा है?
(A) सैर करना और साइकिल चलाना
(B) पतंग उड़ाना
(C) वीडियो गेम्स खेलना
(D) टेलीविजन देखना

**111.** 'सक्रिय' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
(A) सुस्त (B) निष्क्रिय
(C) इच्छुक (D) ऊर्जावान

**(23)**

प्रतिवर्ष करोड़ों रुपयों और असंख्य जीवनों की हानि के लिए आग को दोष दिया जाता है। अग्निशमनकर्ता चोट और हानि से लोगों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करने में सहायक होते हैं। उन्हें जब भी कोई सूचना मिलती है, हर बार वे अपनी जान हथेली पर लेकर प्रस्तुत रहते हैं। जब भी काम पर हों, तो अग्निशमनकर्ता को किसी भी आपदा के घटित होने पर कुछ ही मिनटों में तैयार होकर प्रस्तुत होना होता है। प्रत्येक अग्निकांड के स्थल पर एक वरिष्ठ अधिकारी नियंत्रण संभालता है और घटनास्थल पर मौजूद सभी लोगों को काम का आदेश देता है। कुछ अग्निशमनकर्ता होज़ पाइप को पानी के नलकों से जोड़ते हैं।

अन्य लोग होज़ों तक पानी भेजने के लिए हाथों से पंप चलाते हैं। अग्निशमनकर्ताओं के दल ऊँची जगहों तक पहुँचने के लिए सीढ़ियों का उपयोग भी करते हैं।

**112.** अग्निशमनकर्ता के बारे में क्या सत्य नहीं है ?
(A) वे बहादुर होते हैं।
(B) वे प्रायः अपने जीवन को खतरे में डालते हैं।
(C) वे अपने जीवन पर कभी कोई संकट नहीं आने देते।
(D) उन्हें उच्च प्रशिक्षण मिला होता है।

**113.** किसी अग्निशमनकर्ता को आग बुझाने के लिए तैयार होना पड़ता है–
(A) मिनटों में (B) घंटों में
(C) दिनों में (D) सप्ताहों में

**114.** अग्निशमनकर्ता 'जान हथेली पर लेकर' प्रस्तुत रहते हैं–का अर्थ है–
(A) वे एक पंक्ति में खड़े रहते हैं
(B) वे आग बुझाते हैं
(C) वे अपना जीवन संकट में डालते हैं
(D) वे पंप से होज़ पाइप को जोड़ते हैं

**115.** 'अपने हाथों से चलाने' से आशय है—
(A) किसी व्यक्ति से काम लेना
(B) अपने हाथों से काम करना
(C) किसी मशीन का उपयोग करना
(D) अपने शरीर का उपयोग करना

**116.** 'घटित होना' का अर्थ वही है जो .................. का है—
(A) आना (B) होना
(C) बुलाना (D) आग लगाना

**(24)**

हेमा अपने बिस्तर पर लेटी अपने कमरे की छत पर लगे तारों को एकटक देख रही थी। वह खिन्न थी, क्योंकि कोई भी कपड़ा उस पर फिट नहीं लग रहा था। उसने उन्हें एक–एक कर दुबारा पहना, किन्तु वे या तो बहुत तंग थे या छोटे। एक अलमारी कपड़ों से भरी हुई किन्तु वह उनमें से एक भी नहीं पहन सकती। तब उसे एक विचार आया, उसकी आँखों में चमक आ गई, वह माँ के कमरे की ओर भागी। उसने कहा, ''माँ मुझे नए कपड़े चाहिए, किन्तु तभी जब मैं अपने सारे पुराने कपड़े दान कर दूँ। अब अधिक कपड़े संग्रह करने की आवश्यकता नहीं।'' उसकी माँ मुस्कराई और उसे गले से लगा लिया। उसकी लड़की दयालु थी।

**117.** हेमा अपने बिस्तर पर लेटी थी, क्योंकि वह–
(A) थक गई थी।
(B) तारे देखना पंसद करती थी।
(C) सोच रही थी कि क्या पहना जाए।
(D) आलसी लड़की थी।

**118.** वह कोई भी कपड़ा नहीं पहन सकी क्योंकि–
(A) वे फैशन के अनुसार नहीं थे।
(B) वे बहुत रंगीन थे।
(C) उसे पता नहीं था कि क्या पहनना है।
(D) कपड़े उसे फिट नहीं बैठे।

**119.** 'संग्रह' का समानार्थक शब्द है–
(A) इकट्ठा करना (B) बाँटना
(C) साझा करना (D) उपहार देना

**120.** हेमा है–
(A) लालची (B) दानी
(C) स्वार्थी (D) कृपण

**121.** 'दान करना' का विपरीतार्थक है–
(A) सौंपना (B) लेना
(C) बाँटना (D) खर्च करना

**(25)**

एक समय एक गधा जंगल में रहता था। उसे एक दिन एक शेर की खाल मिली। उसने उसे पहन लिया और गर्व से जंगल में भागने लगा। जब पशुओं ने उसे देखा, तो डर से भागने लगे। उन सबने सोचा कि गधा सचमुच ही एक शेर है। एक दिन इस गधे को एक लोमड़ी मिली। लोमड़ी भी डरी और भाग गई। गधा अन्य पशुओं की प्रतिक्रियाएँ देखकर इतना खुश हुआ कि वह चुप न रह सका। वह अपने नए भेष को भूल गया और रेंकने लगा, क्योंकि लोमड़ी ने उसका रेंकना सुना, वह उल्टा लौट आई। सभी पशु अब समझ गए कि वह शेर नहीं है, बल्कि शेर की खाल में गधा है। गधा अपनी जान बचाने भागा।

**122.** गधा कहाँ रहता था ?
(A) अस्तबल में (B) जंगल में
(C) फार्महाउस में (D) गाँव में

**123.** गधे को गर्व क्यों हो रहा था ?
(A) अन्य पशु उसे शेर समझ रहे थे
(B) उसके बहुत मित्र बन गए थे।
(C) दूसरे पशु उसे सम्मान दे रहे थे
(D) वह सुन्दर दिखाई पड़ रहा था

**124.** अनुच्छेद में किस पशु का उल्लेख नहीं है ?
(A) लोमड़ी (B) शेर
(C) जेब्रा (D) गधा

**125.** 'रेंकना' किस पशु की आवाज को कहा जाता है?
(A) हाथी (B) लोमड़ी
(C) कुत्ता (D) गधा

**126.** गधा क्यों भाग गया ?
(A) दूसरे पशु की खाल पाने के लिए
(B) अपनी जान बचाने के लिए
(C) अपने मित्रों को बुलाने के लिए
(D) शेर को ढूँढने के लिए

**(26)**

सभी मकड़ियाँ जाले बुनती हैं, जिनसे उन्हें तीन कामों में सहायता मिलती है। जालों से मकड़ियों को अण्डे सँभालने में, छिपाने में और भोजन पकड़ने में मदद मिलती है। बहुत–सी मकड़ियाँ अपने जालों में अण्डे देना पसन्द करती हैं, जिसमें उनके अण्डे एक साथ और सुरक्षित रहते हैं। जाले चिपचिपे होते हैं और इस प्रकार वे भोजन पकड़ने में मकड़ियों की सहायता करते हैं। जब कोई कीट जाले में उड़कर आता है, तो फँस जाता है, इधर–उधर हिलता है, बाहर निकलने का प्रयत्न करता है पर ऐसा कर नहीं सकता, क्योंकि वह फँस गया होता है। मकड़ी जान लेती है कि कीट फँस गया है, क्योंकि उन्हें जाले के हिलने का अनुभव होता है और मकड़ी कीट तक पहुँच जाती है।

जालों के बिना मकड़ी वैसे नहीं रह पाती जैसे वह रहती है। मकड़ियों को जीवित रहने के लिए जाले चाहिए, किन्तु यदि आपको अपने घर में जाले न मिलें, तो इनका यह अर्थ नहीं कि आपका घर मकड़ियों से मुक्त है।

**127.** यह अनुच्छेद मुख्य रूप से किसके बारे में है ?
(A) मकड़ी के रंग
(B) मकड़ी के जाले
(C) मकड़ी के अण्डे
(D) मकड़ी के खाद्य पदार्थ

**128.** मकड़ी के जाले सहायक नहीं होते–
(A) अण्डों को थामने में
(B) भोजन को पकड़ने में
(C) अण्डों को बचाने में
(D) कीटों को डराने में

**129.** मकड़ियाँ कैसे जान लेती हैं कि उनके जाले में शिकार फँस गया ?
(A) वे उसे सुनती हैं
(B) वे उसे सूँघती हैं
(C) वे उसका अनुभव करती हैं
(D) वे उसे देखती हैं

**130.** घर में मकड़ी का जाला न मिलने का यह अर्थ नहीं है कि–
(A) मकड़ी को अब भूख नहीं है
(B) मकड़ी बाहर निकलने से डर रही है
(C) मकड़ी सो गई है
(D) मकड़ी है ही नहीं

**131.** यहाँ 'जीवित रहना' का अर्थ है–
(A) स्वीकारना (B) देखना
(C) सोचना (D) जीना

**(27)**

जब फास्ट फूड खाने की बात हो, तो बच्चे ललचाते हैं। इसे बनाने में कम समय लगता है और बाजारों में भी यह सरलता से मिल जाता है। बच्चे फल, सूप या अंकुरित वस्तुएँ खाने के बदले फास्ट फूड खाना पसन्द करते हैं। नूडल, बर्गर और पिज्जा की बड़ी माँग है। यद्यपि ये बनाने में बड़े आसान हैं, फिर भी ये हमारे लिए हानिकारक है। इनमें हमारे शरीर के लिए अच्छी पोषण उपयोगिता नहीं होती।

बहुत से शोधकर्ताओं ने सिद्ध किया है कि इन खाद्य पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। इन्हें तेल में तलकर पकाया जाता है जो स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है। इससे हम मोटे हो सकते हैं। मोटापे से मधुमेह और उच्च रक्तचाप हो सकते हैं। जो बच्चे अधिकतर फास्ट फूड खाते हैं, उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं; जैसे—मधुमेह और उच्च रक्तचाप। उनका विकास उन बच्चों की अपेक्षा अधिक प्रभावित होगा, जो पौष्टिक भोजन करते हैं। लोग पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं और घर पर बने खाने के स्थान पर फास्ट फूड को वरीयता दे रहे हैं। यह पश्चिमी सभ्यता को अपनाने के गम्भीर दुष्प्रभावों में से एक है।

**132.** फास्ट फूड किसी के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकता है ?
(A) जीवन–शैली में बदलाव लाकर
(B) मोटापे का कारण बनकर
(C) हमें अच्छा स्वास्थ्य देकर
(D) पश्चिमी सभ्यता को प्रोत्साहन देकर

**133.** हमें फास्ट फूड संस्कृति को क्यों बढ़ावा नहीं देना चाहिए ?

(A) फास्ट फूड स्वादिष्ट होता है

(B) यह आसानी से उपलब्ध है

(C) यह हमारी जीवनशैली बदल देता है

(D) यह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है

**134.** अनुच्छेद में किस शब्द का अर्थ 'नकल करना' है ?

(A) अनुकरण करना

(B) तुलना करना

(C) कार्य करना

(D) अपनाना

**135.** फास्ट फूड से हो सकता/सकती है–

(A) अनिद्रा

(B) जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ

(C) जेब पर भार

(D) सामाजिक स्तर में हानि

**136.** घर पर बना खाना ______ होता है।

(A) पोषक नहीं

(B) फास्ट फूड से अच्छा नहीं

(C) फास्ट फूड की अपेक्षा अधिक पौष्टिक

(D) न तो पौष्टिक, न ही स्वादिष्ट

**(28)**

भारतीय डॉल्फिन अब एक संकटापन्न प्रजाति है। एक समय ये गंगा, बह्मपुत्र और महानदी में प्रचुरता से पाई जाती थी, अब इनकी संख्या बहुत घट गई है। अब यह कहा जाता है कि गंगा और बह्मपुत्र में वे लगभग 5000 की संख्या में पाई जाती हैं। ये अन्य डॉल्फिनों से भिन्न है। ये दिखने में अंधी लगती हैं, परन्तु उनकी इस क्षति की पूर्ति एक अनोखे ढंग से ही होती है। उनकी श्रवणेन्द्रिय बहुत ही विशेष ढंग से परिष्कृत है और इस प्रकार वे ध्वनि के आधार पर ही पानी में मार्ग निर्देशन कर सकती है। इसकी खोपड़ी पर एक असामान्य–सा कप की आकृति का शीर्ष, ध्वनि को निर्देशित कर गूँज की स्थिति पता करता है। यह इस स्तनपायी पशु को सूक्ष्म वस्तुओं को पहचानने और उनमें अन्तर करने में सक्षम बनाता है। उदाहरण के तौर पर एक डॉल्फिन किसी जीवित मछली और मृत मछली में, यहाँ तक कि मृत मछली और नकली मछली में अन्तर पहचान सकती है।

**137.** डॉल्फिन दृष्टिहीन होती हैं फिर भी अपना मार्ग निर्देशित कर लेने में समर्थ हैं। इसका कारण है–

(A) वे पदार्थों पर ध्यान केन्द्रित करती हैं।

(B) रास्ता ढूँढ़ने में प्रकृति उनकी सहायता करती है।

(C) उनके पास सुनने का एक विशेष तरीका होता है।

(D) उनके पास चीजों को पहचानने की शक्ति है।

**138.** 'मृत' शब्द का विलोम है–

(A) नकली (B) परिष्कृत

(C) जीवित (D) भिन्न

**139.** अवतरण में प्रयोग के अनुसार 'मार्ग निर्देशन' का अर्थ है–

(A) समूह को आगे ले जाना

(B) आगे बढ़ना या चलना

(C) मार्ग न ढूँढ़ पाना

(D) जहाज से यात्रा करना

**140.** डॉल्फिन की श्रवण शक्ति के बहुत अधिक विकसित होने का प्रमाण है–

(A) यह नदी में चल सकती है

(B) यह तैरकर आर–पार जाती है

(C) यह अपने स्वामी को पहचानती है

(D) यह जीवित और मृत मछली को पहचान सकती है

**141.** इस अवतरण का उपयुक्त शीर्षक होगा–

(A) नदी की मछली

(B) दुर्लभ डॉल्फिनें

(C) भारतीय डॉल्फिनें

(D) अंधी डॉल्फिनें

**(29)**

भूरा भालू एक सर्वभक्षी पशु है। इसका अर्थ है कि वह पौधों और पशु दोनों का भोजन करता है, क्योंकि वह अपने आवास क्षेत्र का प्रधान पशु है, वह बड़े पशुओं का भी शिकार कर सकता है। फिर भी आमतौर पर छोटों का ही भोजन करता है, जो भी भोजन भूरा भालू करता है, उसका बड़ा पेट भरने के लिए उसकी मात्रा बहुत अधिक होती है। अक्सर इसका भोजन छोटी मात्राओं में प्राप्त होता है, इसलिए भोजन की खोज कभी समाप्त नहीं होती है। बसंत ऋतु में भूरे भालू घास, पत्तियाँ, जड़ें तथा काई खाते हैं। अक्सर चींटियों, भृंगों, झींगुरों और दूसरे कीटों की तलाश में वे छोटे पत्थरों और बड़ी चट्टानों को भी पलट देते हैं।

**142.** भूरा भालू खाता है–

(A) पौधे और पशु दोनों

(B) केवल बड़े पशु

(C) केवल बहुत छोटे पशु

(D) केवल पत्तियाँ और काई

**143.** यह बड़े पशुओं का शिकार भी कर सकता है–

(A) क्योंकि इसका आकार बड़ा होता है

(B) क्योंकि वे आसानी से मिल जाते हैं

(C) प्रधान पशु होने के कारण

(D) क्योंकि उनसे अधिक भोजन मिलता है

**144.** भूरे भालू..........ऋतु में प्रायः घास, पत्तियाँ, जड़ें, आदि खाते हैं–

(A) वर्षा (B) बसंत

(C) शीत (D) ग्रीष्म

**145.** वे चट्टानों के नीचे से.........को नहीं खाते–

(A) पौधों (B) काई

(C) भृंग (D) कीट

**146.** सर्वभक्षी' वह है जो–

(A) केवल पौधे खाता है

(B) केवल कीट खाता है

(C) पशु और पौधे दोनों खाता है

(D) केवल पशु खाता है

**(30)**

15 जनवरी सन् 1939 की रात का समय सदैव याद रहेगा। सुभाष बाबू की आँखों में कलकत्ता जेल से भाग निकलने का दृढ़ निश्चय साफ दिखाई दे रहा था। आज इन्होंने अपने रोज पहनने के वस्त्रों के स्थान पर पठानी पायजामा, अचकन और पम्प शू पहन रखे थे। सिर पर तुर्की टोपी और चेहरे पर लम्बी दाढ़ी बढ़ाए हुए वह बिलकुल मौलवी लग रहे थे। इस भेस में उन्हें पहचान लेना किसी के लिए भी कठिन कार्य था।

निश्चित समय पर दूसरी गली में एक कार आकर रुकी और सुभाष बाबू पुलिस की आँखों में धूल झोंकते हुए उसमें जा बैठे। उस कार से वह कलकत्ता से चालीस मील दूर गमोह नामक स्टेशन पर पहुँच गये। गमोह से पहले ही किसी मौलवी के नाम पर पेशावर के लिए पंजाब में आरक्षण कर दिया गया था।

**147.** 15 जनवरी सन् 1939 की तारीख क्यों याद रहेगी?

(A) सुभाष बाबू रात के समय कलकत्ता जेल से भागने में समर्थ हुए थे।

(B) उस रात उन्होंने कलकत्ता जेल को छोड़ने का निश्चय किया था।

(C) उस रात वह पूरी नींद चैन से सोये थे।

(D) उस दिन उन्होंने आजाद हिन्द फौज की स्थापना का संकल्प किया था।

**148.** पठानी पायजामा और तुर्की टोपी में सुभाष बाबू कैसे लग रहे थे?

(A) एक पक्के पठान (B) एक पक्के मौलवी

(C) एक हाजी (D) शेख

**149.** सुभाष बाबू ने दाढ़ी क्यों बढ़ाई थी?

(A) धीरे–धीरे उनके वास्तविक रूप को भूल जाएँ

(B) क्योंकि उन्हें एक दिन मौलवी के रूप में भागना था

(C) जिससे वे आसानी से पहचाने न जा सकें

(D) केवल नया प्रयोग करने के लिए

**150.** जेल से निकलकर सुभाष बाबू सीधे कहाँ पहुँचे?

(A) एक गाँव में

(B) कलकत्ता के बाहर की सीमा पर

(C) पेशावर

(D) गमोह स्टेशन

**151.** इस गद्यांश का शीर्षक होगा—
(A) सुभाष बाबू का कलकत्ता
(B) सुभाष बाबू की जेल से रिहाई
(C) सुभाष बाबू का जेल से पलायन
(D) सुभाष बाबू का चमत्कार

**(31)**

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जीवन देश–प्रेम का एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने सारा जीवन देश के लिए बिताया और देश के लिए ही मृत्यु को स्वीकार किया। उनके व्यक्तित्व में स्वाभिमान, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व गुण का अद्भुत योग था। उनकी गिनती कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में होती थी। सन् 1939 में वह दूसरी बार कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये, परन्तु महात्मा गांधी से मतभेद होने के कारण उन्होंने कांग्रेस से त्याग–पत्र दे दिया। सुभाष बाबू ने एक नये कांग्रेस दल की स्थापना की तथा उसका नाम रखा 'फारवर्ड ब्लॉक'। इस दल ने थोड़े से समय में ही सारे देश में प्रसिद्धि प्राप्त कर ली। सुभाष बाबू की लोकप्रियता से घबराकर सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

इसी समय दूसरा विश्वयुद्ध आरम्भ हो गया। सुभाष बाबू ने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए इस अवसर का उपयोग करने का निश्चय किया। उन्होंने जेल में भूख हड़ताल कर दी। सरकार इससे इतनी भयभीत हो गई कि उसने सुभाष बाबू को जेल से रिहा कर दिया।

**152.** सुभाष बाबू कौन थे?
(A) कांग्रेस के एक बहुत बड़े नेता
(B) कांग्रेस के अध्यक्ष
(C) आदर्श देश–प्रेम के उदाहरण
(D) उपर्युक्त सभी

**153.** सुभाष बाबू ने कांग्रेस क्यों छोड़ी?
(A) देश को आजाद कराने के लिए
(B) द्वितीय विश्वयुद्ध का लाभ उठाने के लिए
(C) महात्मा गाँधी से मतभेद होने के कारण
(D) भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे दमन–चक्र से डरकर

**154.** सरकार ने सुभाष बाबू को जेल से छोड़ दिया—
(A) उनको अपने पक्ष में करने के लिए
(B) उनके द्वारा की जाने वाली भूख हड़ताल से भयभीत होकर
(C) वह कहीं जेल में मृत्यु को प्राप्त न हो जाएं
(D) वह महात्मा गाँधी से अपनी हार का बदला ले सकें

**155.** सुभाष बाबू ने किस दल की स्थापना की ?
(A) कांग्रेस सेवा दल
(B) भारतीय स्वतंत्रता–संग्राम दल
(C) भारतीय जनता दल
(D) फारवर्ड ब्लॉक

**156.** सुभाष बाबू ने भूख हड़ताल क्यों की ?
(A) द्वितीय विश्वयुद्ध से उत्पन्न अवसर का लाभ उठाने के लिए
(B) जेल से छुटकारा पाने के लिए
(C) फारवर्ड ब्लॉक को मजबूत बनाने के लिए
(D) अपने जीवन का अन्त करने के लिए

**(32)**

केला पीले रंग का एक फल है जो गर्म जलवायु में होता है। कभी–कभी इसे 'पूर्ण फल' कहा जाता है, क्योंकि इसे धोना नहीं पड़ता और इसे ले जाना आसान होता है। इसका छिलका उतारना सरल है। केले माँसपेशियों के लिए अच्छे होते हैं। स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए सिरियल, आइसक्रीम या पीनट बटर सैंडविच के साथ कुछ केले मिला लीजिए। केला सुबह के नाश्ते के लिए भी श्रेष्ठ है।

गर्म जलवायु में उगने वाले पीले फलों का दूसरा उदाहरण है—पाइनऐपल, पाइनऐपल बड़े रसीले और मीठे होते हैं। जब इन्हें पिज्ज़ा, आइसक्रीम या केक आदि अन्य व्यंजनों में मिलाया जाता है, तो इनका स्वाद अद्भुत हो जाता है। पाइनऐपल को इधर–उधर ले जाना बहुत आसान नहीं है, क्योंकि ये बड़े होते हैं इनका छिलका कँटीला होता है और इन्हें छीलना कठिन होता है। चूँकि पाइनऐपल के छिलके को खाया नहीं जाता, इसलिए खाने से पूर्व इसे धोना आवश्यक नहीं है।

**157.** केले और पाइनऐपल एक-से हैं, क्योंकि—
(A) दोनों रसभरे होते हैं
(B) इन्हें ले जाना आसान होता है
(C) दोनों गर्म जलवायु में उगते हैं
(D) इनके छिलके नर्म होते हैं

**158.** खाने से पहले पाइनऐपल को धोना आवश्यक नहीं, क्योंकि—
(A) यह गंदा नहीं होता
(B) इसका छिलका उतारना आसान है
(C) हम बाहरी छिलका नहीं खाते
(D) यह रसीला फल है

**159.** निम्नलिखित में से किस कथन में एक राय निहित है?
(A) पाइनऐपल का स्वाद अनोखा होता है
(B) केला पीले रंग का एक फल है
(C) पाइनऐपल का छिलका कँटीला होता है
(D) केलों को 'पूर्ण फल' कहा जाता है

**160.** पाइनऐपल _________ फल है।
(A) छोटा और पीला (B) बड़ा और कँटीला
(C) बड़ा और हरा (D) कँटीला और छोटा

**161.** इस गद्यांश में 'स्वादिष्ट' शब्द का अर्थ है—
(A) बेस्वाद (B) सुस्वाद
(C) ठीक-ठाक (D) आनन्ददायक

**(33)**

किसी कुत्ते के सामने रोटी का एक टुकड़ा फेंक दीजिए वह उसे उठाकर चला जाएगा, आपकी ओर देखेगा भी नहीं। इसके विपरीत यदि आप कुत्ते को पास बुलाएँ, उसके सिर पर हाथ फेरें और तब उसे खाने को कुछ दें, तो वह बड़े प्रेम से पूँछ हिलाएगा और आपके कार्य के लिए शायद मन ही मन आभार प्रकट करेगा। एक पशु भी मनुष्य के व्यवहार को समझता है। यदि आप अच्छे काम भी ठीक व्यवहार के साथ नहीं करेंगे, तो उनसे लाभ उठाने वालों के चेहरों पर धन्यवाद सूचक मुस्कराहट भी न झलकेगी। उनके मन में किसी तरह की खुशी नहीं होगी। हम दूसरों की भलाई करते हैं, पर अक्सर भलाई करने का ढंग हमें मालूम नहीं होता।

**162.** 'उठाना' का विपरीतार्थक होगा—
(A) चिपकना (B) उड़ाना
(C) लात मारना (D) फेंकना

**163.** दूसरों की सहायता करने वाले को कहते हैं—
(A) काम वाली (B) सहायक
(C) मास्टर (D) कुत्ता

**164.** कोई कुत्ता रोटी का टुकड़ा उठाकर भी हमारी ओर नहीं देखता, क्योंकि—
(A) वह हमसे डरता है
(B) वह हमें काट सकता है
(C) उसके चेहरे पर प्यार नहीं होता
(D) हम प्यार नहीं दिखाते

**165.** कुत्ते अपनी पूँछ क्यों हिलाते हैं?
(A) प्यार जताने के लिए
(B) क्रोध जताने के लिए
(C) कर्तव्य समझकर
(D) विश्वास जताने के लिए

**166.** अच्छे काम किए जाने चाहिए—
(A) शान्तिपूर्ण तरीके से
(B) उचित तरीके से
(C) अजनबी लोगों के प्रति
(D) सभी पशुओं के प्रति

**(34)**

चाय के दो प्रमुख प्रकार हैं। उनमें से एक है हरी चाय जो चुनने के बाद तुरन्त और पूरी तरह सुखा दी जाती है। इसका रंग हल्का हरा होता है और इसमें हल्की खुशबू होती है। यह मुख्यतः चीन और जापान में लोकप्रिय है। काली चाय रंग में कुछ गाढ़ी होती है और गंध में कुछ तीखी। यह यूरोप में बहुत लोकप्रिय है। इसकी पत्तियाँ केवल अल्पांश में सुखाई जाती हैं। उसके बाद उन्हें रॉलिंग मशीनों में डाला जाता है जिससे चाय की पत्ती के सेल टूट जाते हैं। इससे प्राकृतिक रस बाहर निकल आता है जो इसे विशेष स्वाद प्रदान करता है। इस प्रक्रिया से पत्तियाँ भी मुड़ जाती हैं। रॉलिंग के बाद पत्तियों को नम वातावरण में फैला दिया जाता है और उन्हें किण्वन

के लिए छोड़ दिया जाता है। जिससे वे चमकदार ताँबई रंग की हो जाती हैं। किण्वन के बाद पत्तियों को सूखी हवा में सुखाया जाता है और हमारी प्रिय काली चाय बन जाती है।

**167.** जब रॉलिंग मशीनें पत्तियों का प्राकृतिक रस निकालती हैं, तो पत्तियाँ कैसी हो जाती हैं?
(A) स्वाद हल्का और रंग हरा हो जाता है
(B) स्वाद विशेष हो जाता है और पत्तियाँ मुड़ जाती हैं
(C) स्वाद तेज हो जाता है, लेकिन कोई रंग नहीं आता
(D) स्वाद और रंग अच्छा हो जाता है

**168.** "इससे प्राकृतिक रस बाहर निकल आता है जो इसे विशेष स्वाद प्रदान करता है।" प्राकृतिक का विलोम शब्द है—
(A) तेज (B) हल्का
(C) विशेष (D) कृत्रिम

**169.** किण्वन से पत्तियाँ हो जाती हैं—
(A) चमकदार और स्वादिष्ट
(B) खुशबूदार और चमकदार
(C) चमकीली और ताँबे के रंग की
(D) चमकीली और काली

**170.** अधिकांश यूरोपियनों को _________ पसंद है।
(A) हरी चाय (B) पीली चाय
(C) काली चाय (D) अंग्रेजी चाय

**171.** चीन और जापान में मुख्यतः प्रचलित चाय में होता है—
(A) तेज गंध
(B) चमकीली ताँबई रंग
(C) गहरा काला रंग
(D) हल्का हरा रंग

**(35)**

मरुस्थलों में बहुत-सा पशु जीवन है। रात में रेगिस्तानी छिपकलियाँ अपने छिद्रों से बाहर निकलती हैं। अनेक प्रकार के जहरीले साँप, बिच्छू, लोमड़ियाँ और कीड़े-मकोड़े और पक्षी प्राप्त होते हैं। सहारा, अरब और थार के मरुस्थलों में अपना सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में ऊँटों का उपयोग स्थानीय लोगों के द्वारा किया जाता है। ऊँट, जिसे 'मरुस्थल का जहाज' भी कहा जाता है, बालू में मीलों चल सकता है। इसकी आँखों की बरौनियाँ लम्बी होती हैं और यह अपनी नाक के छिद्रों को बन्द रख सकता है। इससे यह रेत से अपनी आँखों और नाक को बचा सकता है। इसके पैर सपाट और गद्देदार होते हैं और पीठ पर एक या दो कूबड़ होते हैं। ऊँट एक बार में अनेक लीटर पानी पी सकता है और उसके बाद एक सप्ताह से अधिक दिनों तक बिना पानी के चल सकता है। मरुस्थल के निवासियों के लिए ऊँट अपरिहार्य है।

**172.** अनुच्छेद में 'अपरिहार्य' शब्द का अर्थ है—
(A) अनावश्यक (B) महत्वपूर्ण
(C) सार्थक (D) आवश्यक

**173.** ऊँट अपनी नाक और आँखों को रेत से कैसे बचाता है?
(A) गद्देदार पैर होने से
(B) लम्बी बरौनियों और नाक बन्द रखने की क्षमता से
(C) पीठ पर एक या दो कूबड़ होने से
(D) हफ्तों तक बिना पानी के जीवित रहने से

**174.** इन अनुच्छेद के लिए सबसे उपयुक्त शीर्षक कौन-सा है?
(A) मरुस्थल में जीवन
(B) मरुस्थल में रात्रि-जीवन
(C) मरुस्थलों में ऊँट का उपयोग
(D) ऊँट-मरुस्थल का जहाज

**175.** रात में अपने छिद्रों से कौन–सा पशु बाहर निकलता है?
(A) जहरीले साँप
(B) लोमड़ियाँ
(C) कीड़े-मकोड़े
(D) रेगिस्तानी छिपकलियाँ

**176.** ऊँट एक सप्ताह से अधिक तक बिना पानी पीए चल सकता है, क्योंकि—
(A) यह रेत में मीलों चल सकता है
(B) इसके पैर गद्देदार होते हैं
(C) यह एक बार में अनेक लीटर पानी पी सकता है
(D) इसके एक या दो कूबड़ होते हैं

**(36)**

हरा रंग सुन्दर होता है। घास जिस पर हम टहलते हैं और पेड़ों के पत्ते जिनको हम प्रकृति में देखते हैं, प्रायः हरे रंग के ही होते हैं। बहुत–से पौधे भी हरे रंग के ही दिखाई देते हैं। क्या आप जानते हैं कि आप नीले और पीले रंग का मिश्रण करके हरा रंग बना सकते हैं? चूँकि आप दो मुख्य रंगों का मिश्रण करके हरा रंग बना सकते हैं, इसलिए इसे गौण रंग कहा जाता है। पृथ्वी को हानि न पहुँचाने वाले पदार्थों के निर्माण का वर्णन करने के लिए भी हरा नाम का प्रयोग किया जाता है। हरे उत्पाद प्रायः पुनः उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री से बने होते हैं या उनसे जिन्हें कूड़े के रूप में फेंकना सुरक्षित होता है। हरा जीवन का अर्थ है पर्यावरण के अनुकूल जीवन–शैली अपनाना।

**177.** अनुच्छेद के अनुसार 'हरा' है—
(A) एक तेज रंग (B) एक गौण रंग
(C) एक मुख्य रंग (D) एक पादप

**178.** किन रंगों को मिलाने से हरा रंग बनता है?
(A) नीला और हरा
(B) पीला और नारंगी
(C) पीला और नीला
(D) नीला और बैंगनी

**179.** 'हरा जीवन' से तात्पर्य है—
(A) हरे कपड़े पहनना
(B) घर को हरे रंग में रँगना
(C) पेड़ों को लगाना
(D) पर्यावरण के अनुकूल जीवन–शैली

**180.** 'हरे उत्पाद' हैं—
(A) खतरनाक
(B) पृथ्वी को बचाने वाले
(C) सरलता से उपलब्ध
(D) महँगे

**181.** 'मुख्य' शब्द का विपरीतार्थ है—
(A) उच्च (B) गौण
(C) मध्य (D) आधारभूत

**(37)**

हाथी घास, पत्तियाँ, जंगली फल और बाँस के कल्ले खाते हैं। वे बहुत सारा पानी पीते हैं। वे अपनी सूँड़ में पानी भरकर उसे अपने मुँह में उड़ेल देते हैं। वे दिन में कम-से-कम दो बार किसी नदी या झील में जाते हैं। उन्हें नहाना बहुत अच्छा लगता है। वे सूँड़ में पानी भर लेते हैं और उसे अपने शरीर पर बिखरा देते हैं। हाथियों के बारे में एक खास बात यह है कि वे दौड़ नहीं सकते। हाँ, ये तेज चल सकते हैं। इनकी चाल लगभग 13 किमी प्रति घंटा होती है। ये अपनी चाल 24 किमी प्रति घंटा तक बढ़ा सकते हैं। यद्यपि हाथी कूद नहीं सकता, पर यह तैर सकता है।

**182.** हाथियों को अच्छा लगता है—
(A) नहाना (B) खेलना
(C) सोना (D) खाना

**183.** हाथी......... नहीं सकता।
(A) चल (B) दौड़
(C) मुड़ (D) बैठ

**184.** 'खास' शब्द का अर्थ है—
(A) विशेष (B) सामान्य
(C) अनहोनी (D) असामान्य

**185.** हाथी क्या खाते हैं?
(A) चावल और रोटी
(B) घास, पत्तियाँ और जंगली फल
(C) छोटे जीव
(D) कीचड़ और पानी

**186.** हाथियों को क्या पीना पसंद है?
(A) कैंपाकोला (B) फलों का रस
(C) पानी (D) दूध

**(38)**

किसी राजा के राजमहल में एक बन्दर सेवक के रूप में रहता था। वह राजा का बहुत विश्वासपात्र और भक्त था। एक दिन जब राजा सो रहा था और बंदर पंखा झल रहा था तो बन्दर ने देखा, एक मक्खी बार–बार राजा की छाती पर बैठ जाती थी। पंखे से बार–बार हटाने पर भी वह उड़कर फिर वहीं बैठ जाती थी।

बंदर को क्रोध आ गया। उसने पंखा छोड़कर हाथ में तलवार ले ली; और इस बार जब मक्खी राजा की छाती पर बैठी तो उसने पूरे बल से मक्खी पर तलवार चला दी। मक्खी तो उड़ गई, किन्तु राजा की छाती तलवार की चोट से दो टुकड़े हो गई। राजा मर गया। इसीलिए ''मूर्ख मित्र की अपेक्षा विद्वान शत्रु ज्यादा अच्छा होता है।''

**187.** बंदर कहाँ रहता था ?
(A) झोंपड़ी में (B) राजमहल में
(C) पेड़ पर (D) पहाड़ पर

**188.** पंखा कौन झल रहा था ?
(A) बंदर (B) राजा
(C) मक्खी (D) नौकर

**189.** मक्खी कहाँ बैठ जाती थी ?
(A) राजा की छाती पर
(B) राजा के हाथ पर
(C) राजा के पैर पर
(D) राजा के सिर पर

**190.** किसको क्रोध आ गया ?
(A) राजा को (B) माली को
(C) बंदर को (D) दरबान को

**191.** किसकी छाती के दो टुकड़े हो गए ?
(A) मक्खी की (B) रानी की
(C) बंदर की (D) राजा की

**(39)**

मिथिला या मधुबनी चित्रकला मिथिलांचल क्षेत्र जैसे–बिहार के दरभंगा, मधुबनी एवं नेपाल के कुछ क्षेत्रों की प्रमुख चित्रकला है। प्रारंभ में रंगोली के रूप में रहने के बाद यह कला धीरे-धीरे आधुनिक रूप में कपड़ों, दीवारों एवं कागज पर उतर आई है। मिथिला की औरतों द्वारा शुरू की गई इस घरेलू चित्रकला को पुरुषों ने भी अपना लिया है। इस चित्रकला में खास तौर पर हिन्दू देवी-देवताओं की तस्वीरें, प्राकृतिक नजारे जैसे–सूर्य व चन्द्रमा, धार्मिक पेड़-पौधे, जैसे–तुलसी और विवाह के दृश्य देखने को मिलेंगे। मधुबनी चित्रकला दो तरह की होती हैं–भित्ति चित्र और अरिपन या अल्पना।

**192.** मधुबनी चित्रकला सम्बन्धित है–
(A) दरभंगा (B) मधुबनी
(C) नेपाल (D) ये सभी

**193.** मधुबनी चित्रकला असली रूप में देखने को मिलती थी–
(A) कपड़े पर
(B) कागज पर
(C) मिट्टी से लीपी गई झोंपड़ियों में
(D) इनमें से कोई नहीं

**194.** मधुबनी चित्रकला शुरू की गई–
(A) महिलाओं द्वारा
(B) पुरुषों द्वारा
(C) महिलाओं और पुरुषों द्वारा
(D) इनमें से कोई नहीं

**195.** मिथिला चित्रकला होती है–
(A) दो तरह की (B) तीन तरह की
(C) चार तरह की (D) इनमें से कोई नहीं

**196.** प्राकृतिक नजारे का उदाहरण नहीं है–
(A) सूर्य व चन्द्रमा
(B) नदी-सागर
(C) ऐतिहासिक इमारतें
(D) पर्वत-पठार

## व्याख्यात्मक हल

**1.** (D) प्रस्तुत अनुच्छेद के अनुसार, राहुल के पिताजी बाजार से सामान लेकर वापस आ रहे थे।

**2.** (B) पिताजी के साथ उनका पालतू कुत्ता 'शेरा' था।

**3.** (C) बदमाश पिताजी से 'थैला' छीनकर भागा।

**4.** (A) 'शेरा' अपने मुँह में पकड़कर थैला को वापस लाया था।

**5.** (C) जब 'शेरा' थैला वापस लाया तो पिताजी बहुत खुश हुए और उन्होंने उसे गले से लगा लिया।

**6.** (B) दिए गए गद्यांश के अनुसार विद्यार्थी जीवन भर इसलिए पछताते रहते हैं, क्योंकि वो अपना कीमती समय मौज-मस्ती और आलस्य में खो देते हैं। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता।

**7.** (A) समय को सबसे अमूल्य वस्तु इसलिए कहा गया है, क्योंकि इसका एक भी क्षण घटाया. बढ़ाया नहीं जा सकता। संसार में सबसे मूल्यवान वस्तु समय ही है।

**8.** (D) दिए गए गद्यांश के अनुसार, विद्यार्थी जीवन का एकमात्र उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना है। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।

**9.** (C) प्रस्तुत गद्यांश में बताया गया है कि व्यक्ति का कर्त्तव्य है बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें।

**10.** (B) विकल्प (ठ) में दिए गए वाक्य 'यह स्थान बहुत अच्छा है' में 'अच्छा' शब्द का प्रयोग विशेषण की तरह हुआ है। वाक्य में स्थान की विशेषता बतायी गई है।

**11.** (B) दिए गए अनुच्छेद के अनुसार स्वस्थ शरीर के लिए निरंतर श्रम अत्यन्त आवश्यक है।

**12.** (C) दिए गए अनुच्छेद के अनुसार परिश्रम, साहस और कर्म का चोली-दामन का साथ इसलिए है, क्योंकि जो व्यक्ति कर्म करता है या परिश्रम करता है वह साहसी भी होता है।

**13.** (D) दिए गए अनुच्छेद के अनुसार गाँधी जी ने श्रम की सार्थकता उत्पादक श्रम से मानी है। अर्थात् जब श्रम करना है तो उत्पादक श्रम ही क्यों न किया जाय?

**14.** (C) 'सार्थकता' का विलोम 'निरर्थकता' होगा।

**15.** (D) श्रम करने में आनंद तब आता है जब श्रम से कुछ चीज की प्राप्ति हो चाहे वह यश हो या प्रगति।

**16.** (A) स्वतंत्रता प्राप्ति यानी 1947 के बाद भारतीय सेना की सभी रैंकों के लिए वीरता पुरस्कारों की शुरुआत की गयी।

**17.** (C) वरीयता क्रम में 'परमवीर चक्र' वीरता के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

**18.** (A) भारत एक पूर्ण गणराज्य 26 जनवरी, 1950 को बना, जिस दिन हमारा संविधान लागू किया गया।

**19.** (D) 15 अगस्त सन् 1947 को भारत पूर्णतः स्वतंत्र हो गया।

**20.** (A) दुश्मन का सर्वोच्च वीरता से सामना करने के लिए परमवीर चक्र दिया जाता है।

**21.** (D) अशोक चक्र सर्वोच्च वीरता के प्रदर्शन के लिए जब दुश्मन आमने–सामने न हो अर्थात् जब दुश्मन छिपकर वार करता है, उसका सामना करने के लिए दिया जाता है।

**22.** (B) किसी परिवार के द्वारा कृत्रिम फल और सब्जियाँ बनाई गयीं, जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र थीं।

**23.** (B) हम मुश्किल से ही कृत्रिम फलों और असली फलों में अंतर कर सके।

**24.** (C) 'ऐसे' (such) शब्द 'विशेषण' है।

**25.** (A) अंतर भेद का समानार्थी है।

**26.** (C) प्रत्येक का वही अर्थ है जो हरेक का होता है।

**27.** (C) हरीश पार्क में अपने मित्रों के साथ खेल रहा था।

**28.** (A) हरीश तैरने के लिए तालाब में कूदा।

**29.** (B) मौसम थोड़ा गरम था क्योंकि हल्की धूप थी।

**30.** (A) तालाब में दूसरे छोर पर कुछ बत्तखें थीं।

**31.** (C) 'गोता लगाना' शब्द का वैसा अर्थ होता है जैसा 'कूदना' का।

**32.** (B) लोग भिन्न–भिन्न पशुओं का दूध पीते हैं।

**33.** (C) गर्म स्थानों में ऊँट होते हैं।

**34.** (D) यदि लोग गाय जैसे पशु रखते हैं, तो उन्हें "बहुत सारा" दूध मिलता है।

**35.** (A) यह आवश्यक है कि जिस दूध का हम उपयोग करते हैं, वह शुद्ध हो।

**36.** (C) हानि का अर्थ क्षति के समान है।

**37.** (C) रिक्त स्थान में शब्द 'शीत' का प्रयोग उचित है, क्योंकि शरद-ऋतु गर्मी और जाड़े के बीच आती है।

**38.** (A) प्रस्तुत अनुच्छेद के अनुसार, शरद ऋतु में दिन छोटे होते हैं।

**39.** (A) क्योंकि उन्हें पर्याप्त प्रकाश नहीं मिलता है।

**40.** (A) शरद-ऋतु के बीतने की तैयारी करते हुए पशु भोजन एकत्र करते हैं।

**41.** (C) वाक्यांश 'बिछी होती' के लिए अन्य शब्द होगा– ढकी हुई। अतः विकल्प (C) सही है।

**42.** (C) पर्यटन मनोरंजन तथा शैक्षिक दोनों ही क्षेत्रों के लिए आवश्यक है, क्योंकि जब पर्यटन के द्वारा शिक्षा ली जाती है, तो वह व्यवहारिक होती है।

**43.** (B) मनभावन शब्द मनोरंजन का समानार्थी है, मनोरंजन का शाब्दिक अर्थ है मन को अच्छा लगने वाला, अन्य समानार्थी हैं आनन्दप्रद, आमोद-प्रमोद पूर्ण।

**44.** (B) तीर्थ स्थान अर्थात् जहाँ हमारी धार्मिक भावनायें जुड़ी हों, वहाँ जाना एवं उसके विषय में जानकारी लेना धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ ज्ञानवर्द्धन का एक प्रमुख स्रोत है।

**45.** (A) एकता की भावना विकसित करने में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। भ्रमण करके व्यक्ति विभिन्न लोगों के सम्पर्क में आता है। जिससे उनमें आपसी बातचीत से एकता की भावना का विकास होता है।

**46.** (A) ऋषि विद्वान होने के साथ-साथ आध्यात्मिक और भौतिक तत्वों का ज्ञाता, बुद्धिमान, सच्चरित्र एवं त्यागी व्यक्ति होता है।

**47.** (B) धार्मिक, सैर-सपाटा करने वाले लोग तथा पर्यटक पवित्र स्थानों पर जाते हैं।

**48.** (A) 'सामान्यतया' शब्द का पर्यायवाची है– आमतौर पर

**49.** (C) 'पवित्र' शब्द का विलोम 'अपवित्र' होता है।

**50.** (A) गंगा नदी का जल 'पवित्र' माना जाता है, इसलिए लोग यहाँ स्नान और पूजा के लिए आते हैं।

**51.** (B) लोग तीर्थयात्रा पर जाते हैं, क्योंकि वे धार्मिक होते हैं।

**52.** (D) असत्य कथन है–इसका मूल स्थान पश्चिमी यूरोप में है।

**53.** (C) विश्व में तुलसी की कम-से-कम 150 किस्में हैं।

**54.** (A) तुलसी का पौधा मन्दिर के बाहर लगाया जाता था, क्योंकि इसमें प्यास रोकने का विशेष गुण होता है। अतः विकल्प (A) सही है।

**55.** (B) तुलसी का मूल निवास 'भारत' में है।

**56.** (B) तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ रोज़ लिया जाए, तो स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

**57.** (B) फास्ट फूड किसी के स्वास्थ्य को मोटापे का कारण बनकर प्रभावित कर सकता है। अतः विकल्प (B) सही है।

**58.** (D) क्योंकि फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसलिए फास्ट फूड संस्कृति को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। अतः विकल्प (D) सही है।

**59.** (A) 'अनुकरण करना' शब्द का अर्थ 'नकल करना' है। अतः विकल्प (A) सही है।

**60.** (B) जो बच्चे अधिकांश फास्ट फूड खाते हैं, उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

**61.** (C) घर पर बना खाना फास्ट फूड की अपेक्षा अधिक पौष्टिक होता है। अतः विकल्प (C) सही है।

**62.** (A) 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस कहते हैं।

**63.** (B) 26 जनवरी, 1950 को 'गणतंत्र' का जन्म हुआ था।

**64.** (C) भारत की आजादी की लड़ाई सन् 1857 में आरम्भ हुई थी।

**65.** (A) 26 जनवरी, 1950 को।

**66.** (D) 26 जनवरी के दिन हमें राष्ट्र एवं संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

**67.** (A) क्योंकि पृथ्वी पर बहुत गर्मी थी और कोई गैस नहीं थी।

**68.** (D) जीवधारियों के जीवित रहने के लिए जल और गैसों की परतें जरूरी हैं।

**69.** (D) क्योंकि यह सूर्य से सही दूरी पर है, जिससे न तो यह अधिक गर्म होती है और न अधिक ठंडी। दूसरा कारण यह है कि पृथ्वी के चारों ओर विद्यमान गैसें, सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक नहीं आने देती हैं।

**70.** (B) शब्द अनुकूल-प्रतिकूल का विलोम है।

**71.** (C) पृथ्वी के चारों ओर व्याप्त गैसें सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकती हैं।

**72.** (A) प्राचीन काल में मनुष्य के पास पक्षियों को मारने के लिए धनुष–बाण नहीं होते थे।

**73.** (B) वे पक्षियों को आकर्षित करने के लिए उन्हें बीज दिखाते थे।

**74.** (C) गोंद पेड़ों से इकट्ठा की जाती थी।

**75.** (D) उन्हें गोंद लगी खूँटियों से चिपकाने वाला तरीका सबसे क्रूर था।

**76.** (A) 'आधुनिक' प्राचीन शब्द का विपरीतार्थक शब्द है।

**77.** (C) "उसने पति से कहा वाक्य में" पति मुगल शासक शाहजहाँ को कहा गया है। यहाँ 'उसने' शब्द का आशय शाहजहाँ की पत्नी मुमताजमहल से।

**78.** (A) उपर्युक्त गद्यांश में बताया गया है कि शाहजहाँ ने मुमताजमहल को प्यार करने के कारण ताजमहल बनवाया था।

**79.** (B) बीमारी के कारण मुमताज के बचने की आशा नहीं थी।

**80.** (D) इस्लाम धर्म में 'बेगम' का आशय पत्नी होता है।

**81.** (B) ताजमहल एक मकबरा है जिसे शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज महल की याद में बनवाया था।

**82.** (A) प्रारम्भ में मानव का व्यवहार भेद-भाव रहित एवं परोपकारी था।

**83.** (B) प्रारम्भ में पारस्परिक भेद-भाव की रचना स्वयं मनुष्य ने की, क्योंकि तब मनुष्यों में भेद-भाव नहीं था।

**84.** (B) महापुरुषों (गौतम बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद, चैतन्य) ने कल्याण के पथ का निर्देश दिया।

**85.** (D) दुनिया के तमाम झगड़ों की जड़ स्वार्थ की भावना है।

**86.** (A) 'शिक्षा' के द्वारा ही भारतीय मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है।

87. (B) मनुष्य एक अनुकरणशील प्राणी होने के साथ-साथ सामाजिक प्राणी भी है। वह समाज में हो रही कार्यविधियों को अनुकरण करके सीखता है।

88. (C) मनुष्य एक अनुकरणशील प्राणी है। अनुकरण करना उसका स्वभाव होता है और यह सब अनुकरणशीलता वह अपने सहचरों से ग्रहण करता है।

89. (A) सुसंगति पारसमणि के समान इसलिए है, क्योंकि वह भी वही कार्य करती है, जो पारसमणि करता है अर्थात् लोहे को छूकर सोना बना देता है। ठीक उसी प्रकार संसुगति भी बुरे व्यक्ति को अच्छा बना देती है।

90. (C) महापुरुष कर्मधारय समास का उदाहरण है, जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है, कर्मधारय समास कहलाता है।

91. (A) सहचर–साथ रहने वाला
सहपाठी – साथ पढ़ने वाला
सहकर्मी – साथ काम करने वाला

92. (C) साँपों को 'रेंगने वाला' कहा जाता है।

93. (A) साँप बर्फ से जमे स्थानों पर नहीं रह सकते।

94. (D) साँपों की दृष्टि बहुत कमजोर होती है।

95. (B) शल्क साँप को चोट लगने से बचाती है।

96. (A) जीवित रहना शब्द का अभिप्राय 'जीना' से है।

97. (B) प्रस्तुत अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द 'उत्सा. हित' का तात्पर्य है– बहुत प्रसन्न। उत्साहित का समानार्थी है– आशावादी तथा विपरीत शब्द है–मन्द या शान्त हो जाना।

98. (B) दीपक और उसके चचेरे भाई-बहन ने पिक. निक का आनन्द लिया। अतः विकल्प (B) सही है।

99. (B) प्रस्तुत अनुच्छेद के अनुसार, वह अपने चाचाजी और चचेरे भाई-बहन के साथ पिकनिक पर जा रहा था। अतः विकल्प (B) सही है।

100. (C) पिकनिक का स्थान एक गाँव में एक फॉर्महाउस था।

101. (D) चाचाजी ने दीपक को दिखाया कि कैसे चावल को उगाया जाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

102. (C) प्रस्तुत अनुच्छेद के अनुसार, रस्सा–कशी एक रोचक खेल है।

103. (C) रस्सा-कशी के खेल में दोनों टीमों को रस्सी खींचनी पड़ती है।

104. (C) दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान में 'सबसे शक्तिशाली' का प्रयोग होगा। अतः विकल्प (C) सही है।

105. (B) टीम, जो बीच की रेखा के पार खींच ली जाती है। वह हार जाती है।

106. (A) शब्द 'संगठित' का तात्पर्य है–साथ–साथ अर्थात् एकत्रित, जोड़ा हुआ या जो एकता से परिपूर्ण। अतः विकल्प (A) सही है।

107. (C) हम संतुलित भोजन खाकर और व्यायाम करके स्वस्थ रह सकते हैं।

108. (B) भार कम करने के लिए अधिक फल व सब्जियाँ खायें और पर्याप्त पानी पियें तो आपका भार (वजन) भी कम हो जायेगा और आप अधिक स्वस्थ हो जायेंगे।

109. (C) हमें स्वस्थ रहने के लिए पानी अधिक पीना चाहिए।

110. (A) सैर करना और साइकिल चलाना सभी के लिए अच्छा है।

111. (B) शब्द 'सक्रिय' का सही विलोम शब्द है– निष्क्रिय।

112. (C) अग्निशमनकर्ता अपने जीवन को संकट में डालकर सैकड़ों लोगों के जान–माल की सुरक्षा करते हैं और उन्हें सकुशल एक नया जीवन देने का प्रयास करते हैं।
अतः विकल्प (C) अशुद्ध है।

113. (A) किसी भी अग्निशमनकर्ता को आग बुझाने के लिए मिनटों में तैयार होना पड़ता है। उन्हें आग से सम्बन्धित दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे निकल पड़ते हैं। लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें किसी तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है, वे हमेशा ही लोगों को सुरक्षित करने के लिए तैयार रहते हैं।

114. (C) अग्निशमन कर्ता अपने जीवन की परवाह किये बिना मुसीबत में आये लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। उनका प्रयत्न दुर्घटना से लोगों को सुरक्षित निकालना होता है। कई बार इस कार्य में उनका जीवन भी संकट में आ जाता है।

115. (B) अपने हाथों से चलाने का तात्पर्य है अपने हाथों से काम करना, वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ होजों तक पानी भेजने के लिए हाथों से पंप चलाते हैं।

116. (B) घटित होना शाब्दिक अर्थ घटना घट जाना या कहा गया है।

117. (C) हेमा अपने बिस्तर पर लेटी हुई ये सोच रही थी कि क्या पहना जाये, उसकी अलमारी कपड़ों से भरी हुई थी, लेकिन उसमें पहनने लायक एक भी कपड़ा नहीं था।

118. (D) वह कोई कपड़ा नहीं पहन सकी, क्योंकि कोई भी उसके फिट नहीं बैठ रहा था। कपड़े या तो बहुत तंग थे या फिर बहुत छोटे।

119. (A) संग्रह का समानार्थक शब्द है, इकट्ठा करना। संग्रह के अन्य समानार्थी हैं जमा करना, संचय करना, संकलन करना इत्यादि।

120. (B) हेमा दानी लड़की है। उसकी अलमारी जो कपड़ों से भरी हुई थी, लेकिन उसमें उसके नाप का कुछ नहीं था। उसने अपनी माँ से कहा–मैं नए कपड़े तभी लूँगी, जब अपने सारे पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान कर दूँगी।

121. (B) दान करने का विलोम है लेना, दान शब्द के अन्य विलोम हैं, अदान, भीख, क्षमा–उपयोग आदि।

122. (B) गधा जंगल में रहता था। अनुच्छेद की पहली पंक्ति का अवलोकन करें।

123. (A) क्योंकि गधे को भ्रम था कि अन्य पशु उसे शेर समझ रहे थे।

124. (C) प्रस्तुत अनुच्छेद में जेब्रा (पशु) का उल्लेख नहीं है।

125. (D) गधे की आवाज को रेंकना कहा जाता है।

126. (B) गधा अपनी जान बचाने को भागा था।

127. (B) अनुच्छेद में प्रारम्भ से लेकर अन्त तक मकड़ी के जाले के बारे में बात की गई है। अतः विकल्प (B) सही है।

128. (D) मकड़ी के जाले अण्डों को थामने, भोजन को पकड़ने तथा अण्डों को बचाने में सहायक होते हैं, जबकि कीटों को डराने में सहायक नहीं होते हैं। अतः विकल्प (D) सही है।

129. (C) जाले के हिलने से मकड़ी जान लेती है कि उनके जाले में शिकार फँस गया है।

130. (D) घर में मकड़ी का जाला न मिलने का अर्थ यह नहीं है कि मकड़ी है ही नहीं। अतः विकल्प (D) सही है।

131. (D) 'जीवित रहना' का अर्थ है 'जीना'।

132. (B) फास्ट फूड किसी के स्वास्थ्य को मोटापे का कारण बनकर प्रभावित कर सकता है। अतः विकल्प (B) सही है।

133. (D) क्योंकि फास्ट फूड हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं। इसलिए फास्ट फूड संस्कृति को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। अतः विकल्प (D) सही है।

134. (A) 'अनुकरण करना' शब्द का अर्थ 'नकल करना' है। अतः विकल्प (A) सही है।

135. (B) जो बच्चे अधिकांश फास्ट फूड खाते हैं, उन्हें जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ हो सकती हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

**136.** (C) घर पर बना खाना फास्ट फूड की अपेक्षा अधिक पौष्टिक होता है। अतः विकल्प (C) सही है।

**137.** (C) क्योंकि उनके पास सुनने का एक विशेष तरीका होता है।

**138.** (C) शब्द 'मृत' का विलोम शब्द है–जीवित।

**139.** (B) प्रस्तुत उदाहरण में प्रयोग के अनुसार मार्ग निर्देशन का अर्थ है–आगे बढ़ना या चलना

**140.** (B) यह तैरकर आर-पार जाती है।

**141.** (C) प्रस्तुत अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है–भारतीय डॉल्फिनें।

**142.** (A) भूरा भालू एक सर्वभक्षी पशु है। इसका तात्पर्य है कि वह पौधे और पशु दोनों का भोजन करता है।

**143.** (C) वह अपने आवास क्षेत्र का प्रधान पशु होने के कारण बड़े पशुओं का भी शिकार कर सकता है।

**144.** (B) रिक्त स्थान में 'बसन्त' शब्द का प्रयोग उचित है।

**145.** (A) रिक्त स्थान में 'पौधे' का प्रयोग उचित है।

**146.** (C) 'सर्वभक्षी' वह है जो पशु और पौधे दोनों खाता है।

**147.** (A) क्योंकि 15 जनवरी सन् 1939 की तारीख को सुभाष बाबू रात के समय कोलकाता जेल से भागने में समर्थ हुए थे।

**148.** (B) सुभाष बाबू पठानी पायजामा और तुर्की टोपी में एक बिल्कुल मौलवी लग रहे थे।

**149.** (C) सुभाष बाबू ने अपनी पहचान छिपाने के लिए दाढ़ी बढ़ायी थी।

**150.** (D) जेल से निकलकर सुभाष बाबू कलकत्ता से 40 मील दूर गमोह नामक स्टेशन पर पहुँच गये थे।

**151.** (C) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है–'सुभाष बाबू का जेल से पलायन'।

**152.** (D) उपर्युक्त सभी

**153.** (C) महात्मा गाँधी से मतभेद होने के कारण सुभाष बाबू ने काँग्रेस छोड़ दी थी।

**154.** (B) उनके द्वारा की गयी भूख हड़ताल से सरकार इतनी भयभीत हो गई कि सरकार ने उन्हें जेल से रिहा कर दिया।

**155.** (D) सुभाष बाबू ने एक नये दल 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की थी।

**156.** (A) द्वितीय विश्व युद्ध से उत्पन्न अवसर का लाभ उठाने के लिए उन्होंने भूख हड़ताल की थी।

**157.** (C) केले और पाइनऐपल एक से हैं, क्योंकि दोनों गर्म जलवायु में उगते हैं।

**158.** (C) क्योंकि हम इसका बाहरी छिलका नहीं खाते हैं।

**159.** (A) पाइनऐपल का स्वाद अनोखा होता है।

**160.** (B) रिक्त स्थान में बड़ा और कँटीला का प्रयोग उचित है।

**161.** (B) प्रस्तुत गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'स्वादिष्ट' का अर्थ है–सुस्वाद।

**162.** (D) शब्द 'उठाना' का विपरीतार्थक है–फेंकना।

**163.** (B) दिये गये वाक्यांश के लिए सही शब्द है–सहायक।

**164.** (D) क्योंकि हम उसके प्रति प्यार नहीं दर्शाते हैं।

**165.** (A) आपके कार्य के लिए शायद मन ही मन आभार प्रकट करेगा।

**166.** (B) अच्छे काम भी उचित तरीके से किये जाने चाहिए।

**167.** (B) स्वाद विशेष हो जाता है और पत्तियाँ मुड़ जाती हैं।

**168.** (D) शब्द 'प्राकृतिक' का विलोम शब्द है–कृत्रिम।

**169.** (C) किण्वन से पत्तियाँ चमकदार व ताँबई रंग की हो जाती हैं।

**170.** (C) रिक्त स्थान में 'काली चाय' का प्रयोग उचित है।

**171.** (D) चीन और जापान में मुख्यतः प्रचलित चाय में हल्का हरा रंग होता है।

**172.** (D) प्रस्तुत अनुच्छेद में प्रयुक्त शब्द 'अपरिहार्य' शब्द का अर्थ है–आवश्यक।

**173.** (B) ऊँट अपनी लम्बी आँखों की बरोनियों और नाक के छिद्रों को बन्द रखने की क्षमता से नाक और कान को रेत से बचा लेता है।

**174.** (D) प्रस्तुत अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक है–ऊँट मरुस्थल का जहाज है।

**175.** (D) रात में रेगिस्तानी छिपकलियाँ अपने छिद्रों से बाहर निकलती हैं।

**176.** (C) क्योंकि यह एक बार में अनेक लीटर पानी पी सकता है।

**177.** (B) प्रस्तुत अनुच्छेद के अनुसार हरा रंग गौण रंग कहलाता है।

**178.** (C) पीले और नीले रंग के मिश्रण से हरा रंग बनता है।

**179.** (D) पर्यावरण के अनूकूल जीवन शैली अपनाना हरा जीवन कहलाती है।

**180.** (B) पृथ्वी को बचाने वाले।

**181.** (B) मुख्य शब्द का विपरीतार्थक शब्द है–गौण।

**182.** (A) हाथियों को नहाना अच्छा लगता है।

**183.** (B) रिक्त स्थान में 'दौड़' का प्रयोग उचित है।

**184.** (A) 'खास' शब्द का अर्थ है–विशेष।

**185.** (B) हाथी घास, पत्तियाँ, जंगली फल और बाँस के कल्ले खाते हैं।

**186.** (C) ये (हाथी) बहुत सारा पानी पीना पसन्द करते हैं।

**187.** (B) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार बंदर राजमहल में रहता था। वह राजा का बहुत विश्वास पात्र व भक्त था।

**188.** (A) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार एक दिन जब राजा सो रहा था तो बंदर पंखा झल रहा था।

**189.** (A) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार एक दिन जब राजा सो रहा था तो एक मक्खी बार–बार राजा की छाती पर बैठ जाती थी और बंदर के बार–बार पंखे से हटाने पर भी वह फिर वहीं बैठ जाती थी।

**190.** (C) उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार जब राजा सो रहा था तो एक मक्खी बार–बार राजा की छाती पर आकर बैठ जाती यह देखकर बंदर को क्रोध आ गया।

**191.** (D) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार जब मक्खी राजा की छाती पर बैठी तो बन्दर ने पूरे बल से तलवार चला दी मक्खी तो उड़ गई किन्तु राजा की छाती के दो टुकड़े हो गए। इसलिए इस गद्यांश से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मूर्ख मित्र की अपेक्षा विद्वान शत्रु ज्यादा अच्छा होता है।

**192.** (D) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार मधुबनी या मिथिला चित्रकला दरभंगा, मधुबनी, नेपाल के कुछ क्षेत्रों से सम्बन्धित है।

**193.** (C) मधुबनी चित्रकला औरतों द्वारा शुरू की गई थी। भित्ति चित्र के रूप में उनके द्वारा मिट्टी से लीपी गई झोपड़ियों की दीवारों पर देखने को मिलती थी।

**194.** (A) मधुबनी चित्रकला औरतों द्वारा शुरू की गई थी।

- शुरूआत में इस चित्रकला को सर्वप्रथम महिलाओं द्वारा रंगोली के रूप में बनाया गया था किन्तु, बाद में मधुबनी चित्रकला को पुरुषों ने भी अपना लिया।

**195.** (A) मधुबनी चित्रकला (2) प्रकार की होती है–भित्ति चित्र और अरिपन या अल्पना गद्यांश के अन्तिम वाक्य का अवलोकन करें।

- भित्ति चित्र के अंतर्गत दीवारों पर चित्र बनाया जाता था, जबकि आंगन में बनाई गई चित्रकला को अरिपन या अल्पना कहते हैं।

**196.** (C) प्राकृतिक नजारे का उदाहरण नहीं है–ऐतिहासिक इमारतें।

- प्राकृतिक नजारे का उदाहरण सूर्य एवं चन्द्रमा, नदी-सागर एक पर्वत-पठार है।

❑❑